मोबाईल सेवकाई को सरल बनाये

मोबाईल का प्रयोग करने अथवा उसके प्रयोग को बेहतर बनाने से जुड़ी एक सरल गाइड

सितम्बर 2014 | संस्करण 1.2

मोबाईल!

संबंध सेवकाई का केंद्र होता है । मोबाईल हमें सुसमाचार को बड़े पैमाने पर बाँटने में सहयोगी हैं, पर असल में वे दूसरों तक पहुँचने व संबंधों को बनाने का एक प्रभावी साधन हैं। पहल करने के द्वारा मोबाईल नये संबंधों को शुरु करने का साधन बन सकता है ये संबंधों को बनाये रखने में भी आपकी मदद करता है ज़रा सोचिये, “मैं तुम्हारे लिए सुबह प्रार्थना में हूँ,”: आपके मोबाईल से मिलनेवाले इस संदेश का इसे प्राप्त करनेवाले व्यक्ति पर क्या असर होगा।

सेवकाई के लिए मोबाईल का प्रयोग करने का विचार उत्साह के साथ चुनौती भरा भी हो सकता है। संभव है कि फोन करने के अलावा मोबाईल के किसी और प्रयोग के बारे में आप न जानते हों; या फिर ऐसा भी हो सकता है कि आपको मोबाईल के विशेष प्रयोगों की जानकारी तो है, लेकिन इस बात का पता न हो कि सेवकाई में उसका प्रयोग कैसे किया जा सकता है।

छोटी-छोटी पुस्तिकाओं या डीवीडी की तरह मोबाईल भी संचार का एक साधन भर हैं। आज, मोबाईल फोन बुनियादी तौर पर अधिकांश लोगों के जीवन का हिस्सा बन गया है। ये फ़ोन आपके पास भी हैं और आप जिनसे संपर्क करना चाहते हैं, उनके पास भी।

ये गाइड, मोबाईल सेवकाई की कुछ कमियों व लाभों पर गहराई से प्रकाश डालती है। इसका उद्देश्य मोबाईल के प्रयोग से अपनी व्यक्तिगत सेवकाई तथा चर्च स्थापना में मदद करना है।

मोबाईल फोन इतने आम व सुविधाजनक हैं कि जान पहचान से लेकर शिष्यता तक,
कई प्रकार की सेवकाइयों में मदद करते हैं।

विषय सूची

शुरुआत यहाँ से करें.....4

सेवकाई में मोबाईल केवल तकनीकी नहीं है।

बुनियादी योजना.....5
मेरा मोबाइल.....6
मोबाईल 101.....7
मोबाइल व लगने वाले साधनों का चुनाव.....8
सुरक्षा और बचाव.....9

दूसरों तक पहुँचाने की सरलता.....11

अपनी सेवकाई को बढ़ावा देने में मोबाईल का प्रयोग द्वारा किसी और चीज़ की ज़रुरत नहीं।

सारे साधन अपने पास.....12

एक या बहुतों के साथ संवाद में नए मीडिया या मोबाईल का प्रयोग करें। कुछ ज़रुरी सामान।

मीडिया का चुनाव.....14

मोबाईल से योजना कैसे बनायें.....16

अपनी सेवकाई की योजना में मोबाईल का प्रयोग करें। कुछ ज़रुरी सामान।

मेरा मीडिया.....26

अपने मीडिया का प्रयोग करें व उसे तैयार करें। यह तकनीकी ज़रूर है, लेकिन संभव है।

सहायता.....30

ज़रूरी जानकारी की एक सूची।

अपने सामान को जमा करना.....30
कई लोगों को एक साथ सन्देश भेजना.....32
आवाज़.....33
मोबाइल इन्टरनेट.....34
स्थानीय शेत्र में सन्देश बाँटना.....35
सहायक कहाँ से मिल सकती है.....36

शुरुआत यहाँ से करें



अपनी योजनाओं और प्रयोग को चुनने से पहले अपने स्थानीय समुदाय पर विचार करें।

आपने सबसे पहले यह सोचना होगा कि “क्या मुझे नये स्मार्ट फोन की ज़रुरत है।” या फिर आपके पास पहले जो फोन है सेवकाई के लिए इसका प्रयोग कैसे किया जाये। बेहतरीन शुरुआत के लिए कुछ बातों पर विचार करना ज़रुरी है।

शुरुआत करने के लिए सबसे बेहतर होगा कि पहले आप अपनी सेवकाई की योजनाओं (रणनीतियों) पर ध्यान दें और जिन लोगों (समुदाय) तक आपको पहुँचना हैं, उन्हें जानें। [युक्तियों के लिए रणनीति में मोबाईल, पृ.16पर जायें)

यह गाइड सेवकाई में मोबाईल के प्रयोग के कुछ तरीके व तकनीक पेश करेगी। आप वह छांट लें जिनसे आपकी सेवकाई को बढ़ावा मिलेगा। क्या इससे आपके समुदाय में मीडिया का प्रसार होगा, या अगुवों के शिष्यत्व को और अधिक सहायता मिलेगी? मोबाईल कई तरीकों से काम में आ सकते हैं।

किसी भी सेवकाई में अपने समुदाय को जानना बहुत ज़रूरी है। उनकी मूल भाषा क्या है? उनकी आस्था किन बातों पर है? उनका सामाजिक-आर्थिक स्तर क्या है? किस प्रकार के मोबाईल फोनों का अधिक प्रयोग होता है? **समुदाय की इस जानकारी से आपको तकनीकी ज़रुरत का पता चलेगा।**

योजनाओके साथ उचित कदम उठायें।

1. अपने समुदाय को जानें।
   - कौन सी तकनीक का अधिक प्रयोग होता है? स्मार्टफोन, टैबलेट्स, या कि फिर सामान्य फोन?
   - औसत आर्थिक स्थिति क्या है? क्या वे इंटरनेट कनेक्शन का खर्चा उठा सकते हैं? कहीं आप इतनी जटिल तकनीकी का प्रयोग तो नहीं कर रहे कि उससे लोगों का ध्यान भटक रहा है?
   - क्या वह पड़े लिखे है? क्या आपको टेक्स्ट् का या फिर व मीडिया पर आधारित सन्देश का प्रयोग करना चाहिए?
   - सुरक्षा को लेकर क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिए? आपका समुदाय सरकार की निगरानी में है या स्वतंत्र है? क्या वहाँ किसी प्रकार का सताव होता है?
2. यह जानना ज़रूरी है कि सेवकाई में मोबाईल किस प्रकार सहायक हो सकता है।
   - आपकी सेवकाई के कौन से भाग में मोबाईल से लाभ हो सकता हैः संबंध बनाना , सुसमाचार प्रचार, शिष्यत्व, अगुवों तथा कलीसिया शुरु करने के लिए किसी एक का चयन करें। [देखें अगला पृ].

उठाये जानेवाले सभी कदम

1. अपने समुदाय को जानें ताकि आप सबसे उपयुक्त तकनीक और योजनाओं का चयन कर सकें।

2. इस गाइड से भली भांति परिचित हों।

3. पता लगायें कि मोबाईल आपकी सेवकाई में किस प्रकार सहायक हो सकते हैं?

4. यदि ज़रुरत हो तो अपनी आवश्यकतानुसार एक मोबाईल खरीद लें।

5. अपने मोबाईल फोन की अच्छी जानकारी रखें।

6. अपनी ज़रुरत के मीडिया को जमा करें या कपने आप बनायें।

7. आप जो करना चाहते हैं, उसका अभ्यास करें।

बुनियादी योजनायें

मोबाईल किस प्रकार आपकी सेवकाई में सहायक बनें, इस बात का निर्णय करना चुनौती भरा हो सकता है। इस गाइड [विशेषकर रणनीति में मोबाईलपृ.16) को पढ़ने से आपको विभिन्न बातों को समझने में मदद मिलेगी। याद रहे, इस गाइड में दिखनेवाली हर बात को करना ज़रुरी नहीं है। आप जो कर सकते हैं, शुरुआत उसी से करें।

दायीं तरफ चर्च स्थापना की बुनियादी बातों की एक सूची दी गई है। इस गाइड का अधिकांश हिस्सा इन्हीं बातों पर आधारित है। आपको अपनी सेवकाई की जांच करके उसे छोटे-छोटे समान हिस्सों में तोड़ना होगा, या उस बात के साथ इसकी तुलना करें जो आपकी सेवकाई के लिए सबसे उपयुक्त है (जैसे कि, यदि बुनियादी तौर पर आप अगुवों को सिखाने का कार्य करते हैं, तो अगुवाई विकास की बातों पर केंद्रित रहें)।

संबध बनाना: लोगों के साथ संपर्क या बातचीत शुरू करने हेतु

सुसमाचार प्रचार: सुसमाचार को आंशिक या संपूर्ण रुप में बाँटना।

शिष्यत्व: विश्वास में बढ़ने में विश्वासियों की मदद करना।

नेतृत्व विकास: अगुवों, सुसमाचार प्रचारकों व चर्च स्थापना करने वालों के प्रशिक्षण में सहायता

कलीसिया: चर्च स्थापना करने वालों को बल देना तथा आराधना में सहायता

हर श्रेणी के लिए विशिष्ट उदाहरण:

संबध बनाना: *लोगों से जुड़ने व उनसे बातचीत शुरु करने के लिए रोचक मीडिया का प्रयोग करें।*

- अपने मोबाईल में किसी ऐसे व्यक्ति की गवाही का छोटा सा रोचक विडियो रखें जो उस धर्म व जाति विशेष की पृष्ठभूमि से हो जो आपके चुने हुए समुदाय अथवा लोगों के समूह का है। उनसे ऐसा कुछ कहें, “मेरे पास आपके समुदाय के एक व्यक्ति का रोचक विडियो है जो कहता है उसका जीवन पूरी तरह से बदल गया है। मैं इस पर आपके विचार जानना चाहता हूँ।" उन्हें वह विडियो दिखायें।
- स्थानीय भाषा में बाइबल की छोटी सी कहानी का ऑडियो रखें। ऐसा कुछ कहें, “क्या आपको कहानियाँ अच्छी लगती हैं?” या कि “मुझे आपकी भाषा नहीं आती, क्या आप यह कहानी सुनकर इसका मतलब मुझे समझा सकते हैं?”

सुसमाचार प्रचार: *विज्यूअल या ऑडियो कहानियों के द्वारा सुसमाचार बाँटें। अथवा, अपने ट्रैक्ट्स के डिजिटल संस्करण का प्रयोग करें।*

- उत्पत्ति-से-मसीह तक पर एक छोटा सा विडियो रखें जिसे आप गवाही या सुसमाचार सुनाने से पहले या उसके बाद दिखायें।
- यदि आपके पास स्मार्ट फोन है तो आप अपने मनपसंद प्रचार ट्रैक्ट के डिजिटल संस्करण का प्रयोग कर सकते हैं। 4 आत्मिक नियम या फिर इवैंजक्यूब

शिष्यत्व: *नियमित संपर्क के द्वारा विश्वासियों को उन्नति करने में मदद करें और विडियो तथा ऑडियो के साथ उनके शिक्षण को और अधिक समृद्ध बनायें।*

- जिन्हें आप शिष्यत्व का प्रशिक्षण दे रहे हैं, उनमें से किसी एक को हर सप्ताह टेक्स्ट् मेसेज भेजें। संदेश में आप ऐसा लिख सकते हैं: “इस सप्ताह किसी को अपनी गवाही सुनाना याद रखना।” या फिर ऐसा कुछ लिख सकते हैं, “इफिसियों 3:7 पढ़ों। इस सप्ताह आप किस प्रकार के सेवक रहे?”
- नये नियम की कहानी पर कोई विडियो शेयर करें। चर्चा के लिए कोई ऐसा प्रश्न पूछें जो उन्हें सोचने पर विवश करे।

अगुवाई विकास: *मल्टी-मीडिया पर सीखने के द्वारा अगुवों के प्रशिक्षण को बेहतर बनायें।*

- बाइबल की जिस कहानी पर आप ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, इससे पहले कि वे उसे याद करें, उस पर उन्हें एक विडियो दिखायें।
- अगुवों को डिजिटल बाइबल, ऑडियो कहानियाँ, वचन के गीत, आदि उपलब्ध करायें, ताकि वे जहाँ भी जायें, उनके पास अपने संसाधन मौजूद हों।

कलीसिया: *मोबाईल मीडिया के माध्यम से नई कलीसियाओं को मदद दें।*

- कलीसिया के सदस्यों को मसीही मोबाईल मीडिया उपलब्ध करायें तथा सुसमाचार के प्रचार में अपने मोबाईल का प्रयोग करने में सक्षम बनायें।
- नई कलीसिया सभाओं के लिए स्थानीय भाषा में ऑडियो गीत व कहानियों का प्रयोग करें। गीतों को आराधना के समय प्रयोग किया जा सकता है। ऑडियो कहानियों को परमेश्वर के वचन का अध्ययन करते समय प्रश्नोत्तर के साथ प्रयोग किया जा सकता है।

Start here.

मेरा मोबाइल

यदि आप भी उन अधिकांश लोगों में से हैं जो हर दिन अपने मोबाईल को फोन के लिए प्रयोग तो करते हैं, लेकिन तब भी उसके कई पहलूओं से अनजान हैं। तो उसके मैन्यूएल (साथ में दी जानेवाली छोटी पुस्तिका) को खोल कर पढ़ें या फिर इन्टरनेट पर जाकर अपने मोबाईल के ब्राण्ड (नाम) व मॉडल के बारे में जानें। नीचे दिए मोबाईलों में से आपका मोबाईल किसके जैसा अधिक है? क्या यह आपकी सेवकाई के लिए उपयुक्त है?

1. सामान्य फोन:

उत्तरी अमेरीका व संसार के कई देशों में इस फोन को “सेल फोन” कहते हैं। इसमें फोन व टेक्स्ट् संदेश (या कि जिसे एसएमएस कहते हैं) भेजने की बुनियादी सुविधा होती है, लेकिन *संगीत, विडियो व इंटरनेट आदि नहीं होता।*

- फोन करना व प्राप्त करना
- टेक्स्ट् मेसेज भेजना व प्राप्त करना
- संगीत बजाने की सुविधा नहीं
- विडियो चलाने की सुविधा नहीं
- ब्लैक एंड व्हाईट स्क्रीन

2. फीचर फोन:

इस फोन में संगीत व विडियो चलाने की योग्यता तथा पहले से मौजूद ऐप्लीकेशन होते हैं। इसमें संगीत, विडियो व लोगों के नाम-पता व नम्बर आदि को स्टोर करने के लिए माइक्रो एसडी कार्ड डालने की जगह होनी चाहिए।

- फोन करना व प्राप्त करना
- टेक्स्ट् मेसेज भेजना व प्राप्त करना
- संगीत/एमपी3 व विडियो की सुविधा (फोटो खींचने व विडियो रिकॉर्ड करने की सुविधा भी हो सकती है)
- बैटरी के पास या फिर बाहरी किनारे पर एसडी कार्ड डालने की जगह।
- ब्लूटूथ की सुविधा भी संभव



3. स्मार्टफ़ोन:

इस फोन की संचालन प्रणाली (ऑपरेटिंग सिस्टम) बहुत ही जबर्दस्त होती है, जो कि अधिकतर एंड्राइड, ऐपल आईओएस या विन्डोज़ मोबाईल की होती है। सोशल नेटवर्किंग, संचार गतिविधियों और संसाधनों के विकास (जैसे कि गवाही को रिकॉर्ड करने) में भी यह फोन केंद्रीय भूमिका निभा सकता है।

- फोन व टेक्स्ट् करना व प्राप्त करना
- ऐप्लीकेशनों को फोन में डालना व प्रयोग करना
- संगीत/एमपी3 व विडियो की सुविधा
- इंटरनेट/सोशल नेटवर्किंग के लिए 3जी/4जी की सुविधा
- ईमेल, एड्रेस बुक, मेमो, व कैलेण्डर को वायरलेस (बेतार) के द्वारा सिंक करने की उन्नत तकनीक
- पूरा ऑन-स्क्रीन या वास्तविक कीबोर्ड
- स्क्रीन का औसत आकार: 3.5”-5.5”

अधिक जानकारी के लिए सामने के पृष्ठ पर बने चार्ट को देखें।

Start here.

4. टैबलेट:



यह एक मोबाईल कम्पयूटर है जिसमें टचस्क्रीन होती है, और यह उन्नत ऐपलिकेशन चलाता है। प्रस्तुतियों तथा मीडिया शेयरिंग का यह बहुत अच्छा उपकरण है। टैबलेट की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है और अल्प विकसित देशों तक में इसके कम लागत के मॉडल उपलब्ध हैं। स्मार्टफोन की तरह, टैबलेट भी विकास, शेयरिंग व संचार का एक शक्तिशाली साधन है।

- अधिकांश में सेल आधारित फोन कॉल करने या प्राप्त करने की सुविधा नहीं होती
- संगीत/विडियो की सुविधा
- ऐप्लीकेशनों को डालना व चलाना संभव
- ईमेल, एड्रेस बुक, मेमो, कैलेण्डर, वर्ड प्रोसेसिंग, ऑडियो/विडियो संपादन तथा सोशल नेटवर्किंग को वायरलेस (बेतार) के द्वारा सिंक करने की उन्नत तकनीक
- वाईफाई, ब्लूटूथ व कई बार 3जी/4जी की सुविधा (मोबाईल इंटरनेट)
- माइक्रोएसडी कार्ड डालने की जगह हो सकती है
- स्क्रीन का औसत आकार: 7- 11 इंच

मोबाईलों पर एक नज़र

उपकरण	टेक्सटिंग/ एसएमएस	विडियो/ ऑडियो	मेमोरी कार्ड/माइक्रोएसडी	दूसरों के साथ मीडिया	ऐप्स प्रयोग की सुविधा
साधारण फोन	हाँ	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं
फीचर फोन	हाँ	हाँ	हाँ*	हाँ, ब्लूटूथ द्वारा	हाँ; सरल; बाइबल ऐप्स की संभावना
स्मार्टफ़ोन	हाँ	हाँ	हाँ* नोटः आईफोन में माइक्रोएसडी कार्ड डालने की जगह नहीं होती	हाँ* नोटः आईफोन में ब्लूटूथ के प्रयोग की कुछ सीमाएँ हैं	हाँ
एमपी 3-वीडियो	नहीं	हाँ*	नहीं	नहीं	नहीं***
टैबलेट:	हाँ*	हाँ	नहीं	नहीं	हाँ

नोट: आप चाहे जिस भी उपकरण का प्रयोग करें, लेकिन उसकी विशेषताओं तथा उनके प्रयोग की अच्छी समझ बनाने के लिए उसका मैन्यूएल पुस्तिका ज़रुर पढ़ें।

* यह सुविधा विशिष्ट मॉडलों पर निर्भर करती है।

**“दूसरों के साथ मीडिया शेयरिंग” का आशय अपने मोबाईल से दूसरों के मोबाईल पर मीडिया को भेजने की सुविधा से है।

***आईपॉड टच आईफोन ऐप्स का प्रयोग कर सकता है।

ऐपल आईफोन

A) किसी से व्यक्तिगत स्तर पर या टीवी या प्रोजेक्टर के साथ जोड़ कर दूसरों के साथ मीडिया शेयर करने की दृष्टि से अच्छा है।

B) उच्च स्तर के कैमरे, प्रोसेसर व उच्च कोटि का मीडिया उत्पादन ऐप्लीकेशनों के साथ मीडिया बनाने का अच्छा उपकरण।

C) दुर्भाग्यवश, आईफोन से दूसरे मोबाईल उपकरणों में मीडिया भेजना सरल नहीं होता, क्योंकि इसमें माइक्रोएसडी कार्ड डालने की जगह नहीं होती, और न ही यह ब्लूटूथ के द्वारा फाईल अंतरण की अनुमति देता है। इस अयोग्यता से आईफोन की सेवकाई के उपकरण के रुप में उपयोगिता बुरी तरह प्रभावित होती है।

ब्लूटूथब्लूटूथ से लैस मोबाईल उपकरण

हेडसेट के साथ प्रयोग होने के अलावा भी बहुत कुछ कर सकते हैं। वे स्थानीय रुप से संचारित संदेशों को पकड़ सकते हैं। ब्लूटूथ के द्वारा आप बातचीत करनेवाले व्यक्ति को फाईल भेज सकते हैं। विभिन्न उपयोगों तथा ब्यौरों के लिए

पृ.सं 19...... पर जायें।

Start here.

मोबाइल व उसमें लगने वाले साधनों का चयन

अपनी सेवकाई की ज़रुरत तथा स्थानीय समुदाय को ध्यान में रखते हुए आप एक सही उपकरण खरीदने के लिए तैयार होंगे। यह सामान्य, बुनियादी स्तर का सेट अप है।

1) आपके समुदाय में आम तौर पर प्रयोग किया जानेवाला एक मोबाईल फोन। लेकिन, स्मार्ट फोन से आपको कई अतिरिक्त सुविधाएँ मिलेंगीं।

a. फोन के स्पीकरः **ऑडियो की अच्छी आवाज़ बहुत ज़रुरी है।** एक ऐसे मोबाईल का चयन करें जिसके भीतर ही स्पीकर है और वह ऊँची व स्पष्ट आवाज़ देता है।

b. फोन की स्क्रीन का आकारः आपको जो सबसे बड़ा स्क्रीन वाला मोबाईल मिले, उसी का चयन करें। बढ़िया रंग व अच्छे रेज़ोलूशन का होना बहुत ज़रुरी है। छोटी स्क्रीन पर विडियो दिखाने का मतलब है कि आप एक समय में केवल एक या दो ही व्यक्ति/व्यक्तियों को विडियो दिखा पायेंगे। छोटी स्क्रीन पर होनेवाली घटनायें स्पष्ट रुप से दिखाई नहीं देतीं। **नोट:** *प्रत्येक दर्शक के लिए स्क्रीन का एक इंच मान कर चलें (जैसे कि, एक 3.5" की स्क्रीन चार दर्शकों के लिए सही रहेगी)।*

c. दूसरे मोबाईल पर फाईल भेजने के लिए ब्लूटूथ कनेक्शन की सुविधा होनी चाहिए।

d. इसमें माइक्रो एसडी मेमोरी कार्ड डालने की जगह होनी चाहिए; मीडिया को रखने के लिए इसमें कम से कम 2जीबी की आंतरिक मेमोरी की ज़रुरत होगी। स्मार्ट फोन के लिए कम से कम 16जीबी बताया गया है।

2) कम्पयूटर यूएसबी कनेक्शन तार(अकसर यह फोन के साथ मिलता है) मीडिया को उपकरण में डाउनलोड करने के लिए।

3) उपकरणों के बीच मीडिया अंतरण के लिए माइक्रोएसडी कार्ड रीडर: यह आवश्यक तो नहीं है लेकिन इससे माइक्रोएसडी मेमोरी कार्ड की ज्यादा कापियां या प्रतियाँ बनाने में आसानी होगी।

[यदि आप समूहों के आगे मीडिया प्रस्तुत करने की मंशा रखते हैं, तो आप नीचे लिखे उपकरण भी खरीद सकते हैं नोटः आपके दर्शकों को इन उपकरणों का प्रयोग विदेशी तथा निरर्थक लग सकता है। इसका ध्यान रखें]



4) पोर्टेबल स्पीकरों से समूहों को बेहतर सुनने में मदद मिलेगी। उन स्पीकरों का चुनाव करें जो ज्यादा महंगे न हों। (MobileAdvance.org पर स्पीकरों की तुलनात्मक समीक्षा देखें)



5) जेब में समानेवाला, अर्थात् छोटा प्रोजेक्टर आपके इलाके में समूहों के साथ प्रयोग करने के लिए उपलब्ध हो सकता है। कुछ प्रोजेक्टर मोबाईल उपकरण के साथ भी जुड़ सकते हैं। कई इंटरनेट या मोबाइल फोन स्टोर में खोजने से आपको एकदम नये विकल्पों का पता चलेगा। *नोटः बनावट व मॉडल के अनुसार, एक स्मार्टफोन आपको ऐपल के एयरप्ले या मीराकास्ट जैसे वायरलेस विकल्पों का प्रयोग करना संभव बनाता है। वे एचडएम/मिनी-एचडीएमआई जैसे हाई-डेफिनेशन तारों के प्रयोग के लिए अधिक अनुकूल होते हैं।*

मोबाईल दुनिया का सबसे लोकप्रिय इलेक्ट्रोनिक्स उपकरण है। इसमें सभी सीमाओं के पार जाने व भारी संख्या में लोगों तक पहुँचने की सामर्थ है।

सुरक्षा व बचाव

सुरक्षा का आशय व्यक्तिगत सुरक्षा तथा सुरक्षित संचार, दोनो से है। गवाही के विडियो दिखाने से लेकर पारीवारिक अथवा सामाजिक दबाव के चलते अपने घरों में छिपे लोगों तक पहुँचने तक, सुरक्षा का ध्यान रखना बहुत ही ज़रुरी होता है क्योंकि बहुत सी सरकारें, संगठित समूह व समुदाय मसीहत का विरोध करते हैं। दूसरों के साथ आपको किस प्रकार संवाद करना है, इस बात का निर्णय करते समय सुरक्षा की ज़रुरत पर अवश्य ध्यान दें।

अपने घेरे में सीमित लोगों तक पहुँचना: बहुत से समुदाय व समूह अपने सदस्यों को मसीहियों से संबंध रखने या मसीही सामग्री लेने पर पाबंदी लगाते हैं। इस नियम का उलंघन करने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

अपनी सेवकाई में मोबाईल का प्रयोग करने का एक बड़ा लाभ यह है कि मोबाईल बहुत व्यक्तिगत चीज़ होती है। इस प्रकार के प्रतिबंध से बंधा व्यक्ति भी अपने मोबाईल पर मसीही मीडिया रख सकता है और उचित समय व निजी परिवेश में उसे देख सकता है। लेकिन, परिवार का कोई सदस्य वह मोबाईल फोन उससे लेकर उसमें मसीही सामग्री देख सकता है। इसलिए, कई मामलों में मसीही सामग्री को अलग से लगनेवाली माइक्रोएसडी में डाल कर देखना बेहतर रहता है।

व्यक्तिगत सुरक्षा: अपनी पहचान या विडियों में दिखनेवाले व्यक्ति की पहचान को सुरक्षित रखने की संभावित ज़रुरत का ध्यान रखना बहुत ज़रुरी होता है। विडियो व ऑडियो फाईलों में आपका नाम नहीं होना चाहिए। लेकिन, टेक्स्ट् दस्तावेज़ों तथा पीडीएफ फाइलों में आपकी व्यक्तिगत जानकारी हो सकती है। दस्तावेज़ खोल कर उसकी प्रॉपर्टीज़ की पड़ताल करें। यदि आपको कोई संदेह हो, तो आप फाईल के प्रयोग से बचें व तकनीकी मदद लें। साथ ही, बहुत से उपकरणों में जीपीएस की सुविधा होती है, जिसका मतलब है कि यह फोटो लेने की सटीक जगह का पता बता सकता है। इससे निपटने के लिए आप अपने उपकरण में मौजूद “लोकेशन सर्विसस” या इस प्रकार की समान सुविधाओं अथवा कुछ विशिष्ट ऐप्लीकेशनों को अस्थायी तौर पर बंद कर सकते हैं।

आपकी व्यक्तिगत सुरक्षा व पहचान को सुरक्षित रखने का एक और पहलू है आपके इंटरनेट कनेक्शन की सुरक्षा। तकनीकी रुप से कोई कौशलपूर्ण व्यक्ति या सरकार की सहायता के द्वारा कोई आपके ठिकाने का पता लगा सकता है। आपको सुरक्षित रखने का एक सामान्य तरीका है वीपीएन का प्रयोग करना। आपकी मोबाईल सेवा तथा घरेलू कम्पयूटर के लिए कुछ कंपनियाँ वीपीएन सेवाएँ प्रदान करती हैं। वीपीएन आपके ठिकाने को ढक देता है और आपकी ऑनलाईन स्थिति को छिपाता है। StrongVPN.comएक लोकप्रिय कम्पनी है।

मोनिटरिंग (निगरानी): मोनिटरिंग अथवा गहन पड़ताल के द्वारा मोबाईल उपकरण व्यक्ति को सरकार या किसी संगठित सताव के खतरे में डाल सकता है। टेक्स्ट् संदेश कोई भी पढ़ सकता है। ज़रा अपने संदर्भ में इस खतरे पर विचार करें। साथ ही, ट्रेक्ट्स व विज्ञापनों पर आप किसका फोन नम्बर दे रहे हैं, इस पर भी विचार करें।

माइक्रो एसडी कार्डः माइक्रो एसडी कार्ड में मसीही सामग्री रखना एक सुरक्षित समाधान हो सकता है। वे निगरानी के अंतर्गत आनेवाली

वेबसाईटों से डाउनलोडिंग नहीं करते, और यदि ट्रैक्ट या बाइबल रखने पर लोग सताव का शिकार हो सकते हैं, तो ऐसे में ये कार्ड मीडिया को किसी सुरक्षित जगह में रखने की स्वतंत्रता देते हैं। माइक्रोएडी कार्ड को खोजा नहीं जा सकता और यह एक ट्रैक्ट देने के समान होता है। यह हमेशा सुनिश्चित करें कि कार्ड में आपकी व्यक्तिगत जानकारी या पता न हो।

सुझाव: माइक्रोएसडी कार्डों को एक अडैपटर में डाल सकते हैं जिसके द्वारा उन्हें एक सामान्य एसडी कार्ड के स्लॉट में डाल सकते हैं। यदि आप माइक्रोएसडी कार्ड में कोई भी सुरक्षित जेपीईजी तस्वीरों को डालते हैं, और इन्हें कैमरा में डालने के लिए अडेपटर का प्रयोग करते हैं, तो कैमरा चालू करने पर आपको केवल तस्वीरे दिखाई देंगीं फाइलें नहीं।

ब्लूटूथ: आसानी से मोनीटर किये जानेवाले टेक्स्ट् संदेशों या इंटरनेट से मीडिया डाउनलोड करने की तुलना में ब्लूटूथ के माध्यम से मीडिया शेयरिंग करना अधिक सुरक्षित होता है।

तकनीकी

से डरे नहीं!

1

आसान शेयरिंग (आदान-प्रदान)

क्या आप अपने मोबाईल को चालू करके, फोन व टेक्स्ट् संदेश भेज सकते हैं?

किसी का हाल-चाल पूछने व उनका उत्साह बढ़ाने के लिए उन्हें फोन करने के अलावा आप सेवकाई में टेक्स्ट संदेशों का भी प्रयोग कर सकते हैं। संसार में फोन का इस्तेमाल करने वाला हर व्यक्ति टेक्स्ट संदेश प्राप्त कर सकता है। टेक्स्ट संदेश संक्षिप्त व सटीक होने चाहिए। यदि आपके दर्शक पढ़ नहीं सकते हैं, तो आप उन तक पहुँचने के लिए उन्हें फोन करें, वॉईस संदेश छोड़ें या कोई वॉईस मेन्यू प्रणाली डाल सकते हैं। (देखें वॉईस पृ. 33]

एक व्यक्ति को टेक्स्ट भेजें या समूह के साथ शेयर करने के लिए वितरण सूची बना लें।

टेक्सटिंग की इन रीतियों पर विचार करें:

प्रवेश : किसी से मुलाकात होने पर आप अपने फोन नम्बरो के आदान-प्रदान पर विचार करें। बाद में उन्हें बाइबल का कोई छोटा सा वचन टेक्स्ट करें (जैसे कि भजनसंहिता, या नीतिवचन व्यवहारिक सत्य के स्रोत हैं), और उनके हित में अपनी रुचि प्रकट करनेवाली कोई बात लिखें। उनसे बातचीत का सिलसिला बराबर बनाये रखें और संबंध को मज़बूत बनाते जायें।

नमूना: *मन का आनन्द अच्छी औषधि है, परन्तु मन के टूटने से हड्डियाँ सूख जाती हैं। नीतिवचन 17:22*

सुसमाचार प्रचार: यदि मिलनेवाले व्यक्ति को यीशु अथवा सुसमाचार के बारे में अधिक जानने की इच्छा है, तो आप उस व्यक्ति के साथ अपने व्यक्तिगत समय को इन रीतियों से बढ़ायें:

1) बाइबल के छोटे-छोटे अंश टेक्स्ट करें।

2) उन्हें एक बाइबल दें और बाइबल के कुछ अंश को उससे जुड़े किसी प्रश्न के साथ उन्हें टेक्स्ट करें और उनसे उस प्रश्न का उत्तर टेक्स्ट करने को कहें।

नमूना: *हे सब परिश्रम करनेवालों और बोझ से दबे लोगों, मेरे पास आओ; मैं तुम्हें विश्राम दूँगा। मत्ती 11:27-29*

शिष्यता – विश्वासियों को विश्वास में बढ़ाने के भी वही विकल्प हो सकते हैं जो सुसमाचार के प्रचार के लिए थे। इस प्रकार के टेक्स्ट भेजें
1) हर दिन एक पद भेजें, 2) सेवकाई मदद, 3)सुसमाचार के प्रचार से जुड़े सुझाव,
4) शास्त्र संदर्भों के साथ भक्ति सवाल।

नमूना: *"जो मुझे सामर्थ देता है उसमें मैं सब कुछ कर सकता हूँ।" फिलिप्पियों 4:13 यीशु के लिए अपना हियाव आज आप कैसे दिखायेंगे?*

अगुवाई विकास- एक बार फिर, इसके लिए भी आप उसी पद्धति का प्रयोग कर सकते हैं जो आपने सुसमाचार के प्रचार व शिष्यत्व के लिए अपनाई थी; आप बाइबल के पद, अगुवाई से जुड़े सुझाव, उत्साह बढ़ानेवाली टिप्पणियों, आदि का प्रयोग कर सकते हैं। अगुवों तथा कलीसिया रोपकों के प्रशिक्षण को बल देने के लिए टेक्स्ट संदेशों का प्रयोग करें। आप जिन लोगों को प्रशिक्षण दे रहे हैं, उनकी एक अलग सूची बना कर उन्हें सामूहिक टेक्स्ट भेजते हुए अपने प्रभाव का दायरा बढ़ायें।

नमूना: "तू हियाव बाँध और दृढ़ हो।" *व्यवस्थाविवरण 31:6 - इस सप्ताह अपने अगुवों को दृढ़ता व हियाव के बारे में सिखायें।*

आप कितना बड़ा संदेश लिख सकते हैं?

एक टेक्स्ट् मेसेज में 160 प्रतीक (अर्थात्, अक्षर, अंक, विराम चिन्ह, व दो अक्षरों इस्तेमाल हुई खाली जगह या स्पेस) हो सकते हैं जो फोन के प्रकार तथा संवाहक पर निर्भर करता है। आप क्या टेक्स्ट कर सकते हैं? इस मेसेज अर्थात् संदेश में 152 प्रतीक हैं:

क्योंकि परमश्वर ने जगत से इस तरह से प्रेम रखाः उसने अपना एकलौता पुत्र दे दिया कि जो कोई उस पर विश्वास करे, वह नाश न हो परन्तु अनन्त जीवन पाए. यूह. 3:16

2 सारे साधन अपने पास

क्या आप अपने मोबाईल पर विडियो चला सकते हैं? क्या आप अपना टैबलेट साथ लेकर चलते हैं?

आपके मोबाईल में बढ़िया गुणवत्ता वाली मीडिया व सामग्री को संग्रहित करने की क्षमता हो सकती है। यदि ऐसा है, तो आप उसे एक वरचुअल पॉकेट मिशनरी की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं।

आपकी ज़रुरत की भाषा में मीडिया। बाइबल की कहानियाँ। कहीं भी, कभी भी ट्रैक्ट्स हाज़िर।

आप क्या कर सकते हैं, यह आपके मोबाईल तथा इसमें मीडिया अंतरण की क्षमता पर निर्भर करता है [मोबाईल उपकरण, पृ.सं 7 को देखें] कुछ उपकरण विडियो चला सकते हैं, कुछ बहुत कुछ कर सकते हैं। आपके उपकरण में सवाल-जवाब करने वाले ट्रैक्ट्स या पूरी बाइबल जैसे ऐप्स (मोबाईल ऐपलीकेशन) चलाने की क्षमता हो सकती है।

आपके पास जो उपकरण है, आप उसी को इस्तेमाल में ला सकते हैं, या फिर ऐसा मोबाईल खरीदने की सोच सकते हैं जिसमें वो सब करने की क्षमता हो जो आप उससे करना चाहते हैं। **आपके पास कौन सा उपकरण होना चाहिए, इसका चुनाव आपको करना है।**

आपका मोबाईल फोन आपके लिए इलैक्ट्रोनिक ट्रैक्ट्, बाइबल या प्रस्तुति की विडियो बन सकता है।

वीडियो

वीडियो एक दोस्त या एक समूह के साथ उपयोगी होते हैं। आप सुसमाचार के प्रचार के विडियो, किसी की गवाही या उत्पत्ति-से-मसीह तक की कहानी पर कोई ऐनीमेशन दिखा सकते हैं। यह आप पर है कि आप कौन सा विडियो दिखाना चाहते हैं।

प्रवेश व सुसमाचार का प्रचार- कल्पना करें कि एक नया विश्वासी ठीक उसी भाषा में अपनी गवाही बाँट रहा है जिस भाषा में आपको चाहिए। कल्पना करें कि आप अपनी मनपसंद प्रचार फिल्म कहीं भी, कभी भी दिखा रहे हैं। किसी ऐसे व्यक्ति से बातचीत करने या समय बिताने के बाद जो यीशु के बारे में और अधिक सुनने को तैयार है, आप उसके लिए एक विडियो चला सकते हैं। इसके बाद, सवाल-जवाब के द्वारा उनसे बातचीत आगे बढ़ा सकते हैं। **सुझाव:** यदि आपका मोबाईल विडियो रिकॉर्ड कर सकता है, तो आप अपने स्थानीय संदर्भ या भाषा में नये विश्वासी की गवाही रिकॉर्ड कर सकते हैं, बशर्ते इसमें सुरक्षा से जुड़ा कोई खतरा न हो [देखें, सुरक्षा, पृ.स 9)।

समूह को विडियो दिखाना- सही प्रकार की तारों के साथ कुछ मोबाईलों को टीवी या प्रोजेक्टर के साथ जोड़ा जा सकता है। यदि आपके पास स्मार्ट फोन या टैबलेट है, तो आप समूह को दिखाने के लिए विडियो संग्रहण कर सकते हैं।

शिष्यता और प्रशिक्षण – स्पष्टीकरण देने या गहन अध्ययन के हिस्से के रुप में विडियो का इस्तेमाल किया जा सकता है। विडियो का एक हिस्सा दिखा कर आप सवाल-जवाब कर सकते हैं। आप व्यक्ति या समूह को सिखाने या प्रशिक्षण देने के लिए इस्तेमाल किये जानेवाले विडियो भी अपने मोबाईल पर दिखा सकते हैं।

मुझे क्या करना होगा?

व्यक्तिगत तौर पर किसी को विडियो दिखाना है? सामान्य विडियो चलाने की क्षमता रखनेवाले मध्यम-श्रेणी के फोन का इस्तेमाल करें, जैसे कि सैमसंग, एक बड़ी स्क्रीनवाला स्मार्ट फोन या टैबलेट।

सामूहिक स्तर पर विडियो दिखाना है? 2जीबी व उससे अधिक की स्टोरेज (भंडारण) की क्षमतावाले स्मार्टफोन या टैबलेट का इस्तेमाल करें। इसे टीवी या प्रोजेक्टर के साथ जोड़नेवाली तारें भी आपको मिल जायेंगी।

वायरलेस रीति से भी संपर्क बनाने का मार्ग हो सकता है।

बेहतर आवाज़? आपके उपकरण से जुड़नेवाले छोटे-छोटे स्पीकर या कम्पयूटर के सामान्य स्पीकर के साथ आपके समूह के लिए विडियो को सुनना आसान हो जायेगा।

ऐप्स

ऐप्स (मोबाईल ऐपलीकेशन) बुनियादी तौर पर सोफ्टवेयर प्रोग्राम होते हैं जो फीचर फोन, स्मार्ट फोन, स्मार्ट उपकरण तथा टैबलेटों में कुछ विशिष्ट प्रकार के कार्य करते हैं। ये ऐप्स मोबाईल बाइबल, सवाल-जवाब वाले ट्रैक्ट, धर्म के पक्ष में तर्क देनेवाले संदर्भ, विजुअल कहानियाँ और बहुत कुछ हो सकते हैं।

ऐप्स आपके मोबाईल उपकरण को मीडिया सृजन के एक हाई-टेक साधन की तरह इस्तेमाल करने की क्षमता देते हैं।

प्रवेश व सुसमाचार का प्रचार - सुसमाचार व आत्मिक सच्चाइयों को लोगों तक पहुँचाने के लिए डिजिटल ट्रैक्ट् का इस्तेमाल किया जा सकता है। सुसमाचार का प्रचार करने वाले कई प्रमुख संगठनों के पास मुफ्त ऐप्स हैं जो असल में उनके ट्रैक्ट का डिजिटल रुप है। उदाहरण के लिए, आप इवैन्जक्यूब ट्रैक्ट ऐप (आईक्यूब) तथा 4 स्पीरिचुअल लॉज़ को डाउनलोड कर सकते हैं। कुछ ऐप्स उस भाषा में भी उपलब्ध हो सकते हैं जिनमें आपको वे चाहिए।

शिष्यत्व और प्रशिक्षण – बहुत से ऐप्स बाइबल के ढूँढें जा सकने वाले पद प्रदान करते हैं। लेकिन, अन्य ऐप्स और अधिक साधन व संदर्भ पेश करते हैं जिनका शिष्यत्व या प्रशिक्षण सत्र में इस्तेमाल किया जा सकता है। कई बाइबल अध्ययन व दैनिक चिंतन व भक्ति के ऐप्स ऑनलाईन भी उपलब्ध हैं।

सर्च करना (खोजना)

इसके लिए आपको पता होना चाहिए कि विडियो, संगीत या ऐप्स को अपने मोबाईल पर कैसे भेजते हैं।. यदि आपने ऐसा पहले कभी नहीं किया है, तो आप अपने उपकरण का मैन्यूएल पढें और फिर इसे करने का प्रयास करें। अथवा, समय निकाल कर अपने दोस्तों व सहभागियों से पूछें कि उन्हें अपना मीडिया कहाँ मिलता है, या कि वे अपने मोबाईल उपकरण को कैसे इस्तेमाल करते हैं।

मीडिया व ऐप्स आपको कहाँ मिल सकते हैं?

1) इंटरनेट पर एक बार सर्च (खोज) करने पर आपको कई तरह के विडियो व ऐप्स मिल जायेंगे। बस अपने ब्राण्ड (जैसे कि सैमसंग, एलजी, ऐपल, आदि) का नाम, व आप जो चाहते हैं डालें और सर्च करें। अपने मोबाईल का मैन्यूएल देख कर पता लगायें कि आपके मोबाईल उपकरण को इनमें से किसी विडियो फॉर्मेट की ज़रुरत है या नहीं-3जीपी या एमपी4। इसका मतलब है कि आप केवल एक ही तरह के फॉर्मेट का इस्तेमाल कर सकते हैं, जिससे आपको उन विडियों को चुनने में मदद मिलेगी जो आपके मोबाईल पर चल सकते हैं।

2) ऐपल के उत्पादों के लिए आईट्यून या एंड्राएड उत्पादों के लिए गूगल प्ले में बहुत से मसीही ऐप्स हैं।

3) मदद: इस गाइड के अंत में लिंकों की एक सूची दी गई है जिसमें वे वेबसाईटें शामिल हैं जिनमें इस्तेमाल के लिए तैयार मसीही ऐप्स व विडियो हैं।

स्टार्टर सेट

यदि आप अपने मोबाईल को एक कम्पयूटर से जोड़ सकते हैं, तो आप तरह-तरह की स्थितियों में इस्तेमाल के मीडिया या फिर ऐप्स से भर सकते हैं।

मीडिया के इन प्रकारों में से एक या अधिक प्रकार के मीडिया को शामिल करें:

- **विडियोः** उत्पत्ति-से-मसीह तक या सुसमाचार प्रचार नाट्य। देश विशेष के व्यक्ति की गवाही भी शामिल कर सकते हैं
- ऐपः ट्रैक्ट, विजुअल कहानियाँ
- स्थानीय भाषा में **ऑडियो कहानियाँ**
- आपकी अपनी भाषा तथा स्थानीय भाषा में **बाइबल**

मीडिया का चयन

अपनी योजना व दर्शकों के अनुसार मीडिया चुनें। ऐसी चीज़ें जिन्हें इस्तेमाल तथा शेयर करना दर्शकों के लिए आसान है। सबसे अधिक ऑडियो शेयर किया जाता है क्योंकि लगभग सभी फीचर व स्मार्ट फोन इसे चला सकते हैं। साथ ही, उस मीडिया पर भी विचार करें जो बहुत बार ऑनलाईन डाला या डाउनलोड किया जा सकता है। अच्छा संगीत या रोचक विडियो कुछ ऐसे मीडिया हैं जिन्हें अविश्वासी लोग भी दूसरों के साथ आसानी से बाँट सकते हैं।

ऑडियो

ऑडियो एमपी3 फाईल सब जगह चलती हैं और कई तरह से इस्तेमाल हो सकती हैं। लोग विडियो को बारंबार चला कर नहीं देखते जितना कि वे ऑडियो फाईल को चला कर सुनते हैं। लोग सड़क पर चलते हुए भी बाइबल की कहानी का ऑडियो सुन सकते हैं।

मौखिक साहित्य का अधिक इस्तेमाल करनेवाले जगत के साथ ऑडियो कहानियाँ भली प्रकार संवाद कर सकती हैं। ये गैर-मसीहियों तक पहुँचने का बहुत ही अच्छा तरीका हैं।

ऑडियों के अच्छे संसाधनः मसीही संगीत, बाइबल पर आधरित नाटक, बाइबल की कहानियों के सेट, कविताएँ, रेडियो कार्यक्रम, गवाहियाँ आदि।

ऑडियो क्षमता

1) सुसमाचार के प्रचार की सामग्री
2) शिष्यत्व सामग्री
3) टी4टी अध्याय (प्रशिक्षण)
4) रिकॉर्ड की गई बाइबल कहानियाँ
5) अपने समुदाय के लोगों की भाषा में एक ऑडियो बाइबल
6) कलीसिया रोपण के कार्य में आपकी मदद करनेवाली कोई भी अन्य सामग्री

वीडियो

विडियो सुनने व देखने का एक बेहतरीन माध्यम है। विडियो में रुचि व उसकी विषयवस्तु के याद रखने की दर बहुत अधिक होती है। लेकिन, ऑडियो एमपी3 की तुलना में विडियों की बहुत सी सीमाएँ हैं। विडियो फाइलें अकसर बड़ी होती हैं और आप विडियो देख पाएँगे या नहीं यह विडियो के फॉर्मेट पर निर्भर करता है।

इन तकनीकी सुझावों को ध्यान में रखें:

1) 3जीपी मोबाईल फोन पर सबसे अधिक चलाया जानेवाला फॉर्मेट है। 2004 से एमपीईजी-4 या एमपी4 का बहुत तेज़ी से उपयोग बढ़ा है। 3जीपी फॉर्मेट सबसे पुराने पर भी चलता है और नये फोन पर भी। लेकिन हर उपलब्ध विडियो को दोनों फॉर्मेटों में रखना एक अच्छा अभ्यास हो सकता है।
2) पाँच मिनट से कम अवधि के विडियो दिखाने व शेयर करने के लिए उपयुक्त होते हैं।
3) माइक्रोएसडी कार्ड पर विडियो शेयर करने के लिए आप 20एमबी व उससे भी बड़ी फाईल का इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन, ब्लूटूथ से फाईल भेजना हो तो फाईल का आकार 10एमबी या इससे कम होना चाहिए।

विडियो क्षमता

कई आधुनिक सेल फोन विडियो चला सकते हैं। अपने समुदाय के एक व्यक्ति के साथ इन सामग्रियों को शेयर कर पाने की कल्पना कीजिएः

1) बाइबल की कहानी का विडियो
2) एक आत्मिक बिंदु का आशय स्पष्ट करनेवाली एक लघु फिल्म
3) उस संस्कृति के ऐसे व्यक्ति की गवाही जिसने यीशु को जान लिया है
4) शिष्यत्व पर बाइबल की कहानियों का विडियो जो निरक्षर व साक्षर, दोनो तरह के लोगों को शिष्यत्व का प्रशिक्षण देने में मदद करेगा। ऐसे टेक्स्ट जो मोबाईल में आसानी से पढ़े जा सकते हैं।

ऐप्स

हम दूसरों के साथ अकसर ऐप्स शेयर नहीं करते। हम उनके साथ इंटरनेट का वह लिंक शेयर करते हैं जहाँ पर जाकर वे उस ऐप्स को अपने मोबाईल में डाउनलोड करेंगे। ऐप्स किसी व्यक्ति के साथ सुसमाचार बाँटने या चर्चा करने के बेहतरीन साधन होते हैं जहाँ स्मार्टफोन एक तरह के ट्रैक्ट या शिक्षण सामग्री में बदल जाता है। कुछ ऐप्स दमदार लगते तो हैं लेकिन वे इतने काम के नहीं होते। ऐप्स ऐसा चुनें जो आपके इच्छित संदेश को बाँटने/शेयर करने में आपकी मदद कर सके, या कि ऐसा ऐप्स जिसकी अच्छी उपयोगिता है, जैसे कि बाइबल के वचन का टूल।

साहित्य

साहित्य एक अच्छा विकल्प तो है लेकिन इसका इस्तेमाल करना या कि मोबाईल उपकरण में इसे देखना अधिक कठिन होता है। यह पद्धति पढ़ने की क्षमता पर आधारित है और जिस संस्कृति में साक्षरता कम है, वहाँ यह कारगर नहीं होगी। लेकिन, चूँकि मोबाईल की फाइलें कम्पयूटर में भेजी जा सकती हैं, इसलिए पीडीएफ बाइबल या स्थानीय भाषा में टेक्स्ट् दस्तावेज़ को शामिल करना लाभकारी हो सकता है। सामान्य टेक्स्ट दस्तावेज़ बढ़िया रहते हैं। लेकिन, फौन्ट व फॉर्मेटिंग के महत्वपूर्ण होने के कारण अडोबी पीडीएफ जैसी फाइलें विश्वसनीय होती हैं। कैलिबर (http://calibre-ebook.com) एक मुफ्त ऐपलीकेशन है जो मोबाईल के लिए ईपब नाम के दस्तावेज़ बनाने में मदद करता है। इस तरह के दस्तावेज़ स्क्रीन के अलग-अलग तरह के आकार के अनुसार स्वयं को संयोजित कर सकते हैं

रिंगटोन

दूसरों के साथ सुसमाचार बाँटने की योजना या फिर अपनी गवाही के रुप में आप अपने फोन की रिंगटोन (फोन द्वारा आनेवाली कॉल की सूचना देनेवाली ध्वनि) का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। अलग तरह की या अच्छे संगीत वाली रिंगटोन को सुन कर कोई आपसे उसके बारे में पूछ सकता है, और आपको उनके साथ बातचीत का अवसर दे सकता है। वेबसाईट पर जानेवाले व्यक्ति द्वारा अपनी जानकारी देने पर कुछ वेबसाइट मुफ्त रिंगटोन डाउनलोड की अनुमति देतीं हैं। आप देशी मसीही गीत या संगीत विडियो को अपनी रिंगटोन बना सकते हैं। आप ChristianRingtones.com जैसी वेबसाईट पर जाकर अपने लिए रिंगटोन डाउनलोड भी कर सकते हैं।

मीडिया खोजना

संभव है कि आपके पास अपना कोई मीडिया है जिसका आप इस्तेमाल कर सकते हैं। कृपया सर्वाधिकार सुरक्षित के लेबल का मान रखें। कई मसीही मीडिया उत्पादक स्थानीय व निजी इस्तेमाल की अनुमति देते हैं। आप एक विडियो फाईल या डिस्क लेकर उसको फोन फाईल में बदल सकते हैं [देखें **मीडिया** परिवर्तन व टूल, पृ.26]। आप लिंक ढूँढ कर, ऑनलाईन जाकर, या यूट्यूब से भी डाउनलोड कर सकते हैं। संभव है कि आपके सहभागी के पास ऐसे मीडिया पहले से मौजूद हो जिन्हें आप प्रभावी रीति से अपने समुदाय में इस्तेमाल कर सकें।

गूगल पर सर्च करने के अलावा आप मसीही ऑनलाईन सर्च इंजन phronema.org का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

दमदार ऐप्स

Bible.is: विश्व के हर व्यक्ति के पास, उसी की मातृ भाषा में बाइबल को टेक्सट व ऑडियो फॉर्मेट में, बिल्कुल मुफ्त उपलब्ध कराना।
www.bible.is

जीज़स फिल्म मीडिया:
संपूर्ण जीज़स फिल्म प्रोजेक्ट ® लाईब्रेरी आपके साथ, आपके स्मार्ट फोन में उपलब्ध।
app.jesusfilmmedia.org

5 फिश:
मोबाईल पर सुसमाचार के संदेशों को आसानी से वितरित करने व सुनने के लिए ग्लोबल रिकॉर्डिंग नेटवर्क ने 5फिश ऐप्लीकेशनों को विकसित किया है।
5fish.mobi/regions

कॉपीराईट (प्रतिलिप्याधिकार)

अनुवाद तथा परिचालन लागत की भरपाई के लिए बहुत सी सेवकाइयाँ अपनी सामग्री के वितरण से मिलनेवाली रॉयल्टी आय पर निर्भर करती हैं। मोबाईल योजना के अंतर्गत दूसरों तक सुसमाचार पहुँचाने के लिए आपके द्वारा उनकी सामग्री के इस्तेमाल पर अधिकांश संगठनों को आपत्ति नहीं होती, लेकिन आपको उनकी नीतियों के बारे में भी सोचना चाहिए। किसी भी सेवकाई की सामग्री की प्रतियाँ बनाने से पहले उनकी कॉपीराईट की नीतियों को अवश्य पढ़ें।_

यदि मीडिया को आपने नहीं बनाया, या आपके पास उसके वितरण या संपादन की अनुमति नहीं है, तो आपको उस व्यक्ति से अवश्य परामर्श करना चाहिए जिसके पास उसका कॉपीराईट है।

3 मोबाईल से योजना कैसे बनाये

क्या आप सेवकाई की योजनाओं में मोबाईल का इस्तेमाल करना चाहेंगे? क्या आप अधिक संख्या में लोगों के बीच सुसमाचार प्रचार के विडियो व बाइबल की कहानियों का ऑडियो बाँटना चाहेंगे? क्या आप सेवकाई में अपने सहभागियों को डिजिटल संसाधनों से लैस करना चाहते हैं?

मोबाईल उपकरणों का इस्तेमाल न केवल आपका स्थानीय समुदाय अपने दैनिक जीवन में करता है, बल्कि यह सेवकाई का एक बेहतरीन साधन भी है। इसके माध्यम से आप दूसरों तक मीडिया पहुँचा सकते हैं, जिन्हें वे अपने निजी समय में देख सकते हैं। आप ऐसा मीडिया भी भेज सकते हैं जो इंटरनेट पर पहुँच सकता है, या फिर आपके समुदाय के लोग इसे बारंबार शेयर कर सकते हैं।

सुसमाचार प्रचार व शिष्यत्व को लेकर आपकी शायद कोई योजना होगी। मोबाईल में ऐसी कई तरह की योग्यताएँ होती हैं जो संचार को बेहतर बनाने, ज्ञान बाँटने, अकेले पड़े लोगों तक पहुँचने, बातचीत को आगे बढ़ाने व सच बाँटने में मदद कर सकती हैं।

यह जान पहचान, सुसमाचार प्रचार, शिष्यत्व, प्रशिक्षण व कलीसिया की स्थापना में अपने मोबाईल को शामिल करने के विकल्पों को समझने में आपकी मदद करेगा।

मोबाईल: संपर्क का बिंदु व शेयरिगं का साधन



कौन सी योजना

मोबाईल के इस्तेमाल द्वारा आप एक समय में कई योजनायें अपना सकते हैं, लेकिन हर योजना को एक अनोखे मीडिया व शेयरिंग पद्धति की ज़रुरत हो सकती है। चूँकि मोबाईल उपकरण बुनियादी व साधारण से लेकर स्मार्टफोन की श्रेणी का हो सकता है[देखिये Mobile उपकरण 101 पृ. 7], इसलिए एक योजना के साथ आप सभी तक नहीं पहुँच पाएँगे। जैसे कि, ऐसी योजना जिसमें मोबाईल ऐप का इस्तेमाल होता है, वह केवल उन्हीं लोगों तक पहुँच पाएगी जिसमें स्मार्ट फोन खरीदने की आर्थिक क्षमता है। टेक्स्ट संदेश भेजनेवाली रणनीति केवल साक्षरों के लिए हो सकती है, जबकि विडियो रणनीति में वे लोग छूट जाएंगे जिनके पास बुनियादी मॉडल का मोबाईल फोन है।

इन छः आसान कदमों पर विचार करें:

1. अपनी योजना (अर्थात् प्रवेश, सुसमाचार प्रचार, शिष्यत्व आदि) व अपने दर्शकों की पहचान करें।
2. अपने समुदाय के लोगों द्वारा बोली जानेवाली भाषा की पहचान करें।
3. आपके समुदाय में इस्तेमाल किये जानेवाले मोबाईल की पहचान करें।
4. आपके समुदाय द्वारा मोबाईल के इस्तेमाल की सबसे सामान्य रीतियों की पहचान करें।
5. इस्तेमाल के लिए उपयुक्त मीडिया खोजें या बनायें।
6. निर्णय लें कि मीडिया का वितरण आप किस प्रकार करेंगे (जैसे कि कौन से देशीय सहभागी, कौन सी तकनीकी आदि)।
7. शेयरिंग चालू करें!

आप और आपका दल

अपने दल को मोबाईल सेवकाई के लिए लैस करने से आप अधिक प्रभाव पैदा कर सकते हैं। अपने कम्पयूटर में मीडिया को जमा करके उन्हें व्यवस्थित कर लें [देखें, अपने मीडिया को व्यवस्थित करना, पृ.30)। इसके बाद, सीडी, डीवीडी या माइक्रोएसडी कार्ड जैसे स्थूल मीडिया को बाँटें जिनमें आपके सहभागी के मोबाईल और/अथवा कम्पयूटर के लिए फाईले हैं। वे अपनी ज़रुरत के हिसाब से इनकी प्रतिलिपि बना सकते हैं, उन्हें शेयर व इस्तेमाल कर सकते हैं।

व्यक्तिगत प्रयास [(देखें, अल्पावधि समूह, पृ. 21] या अखबार या वेबसाईट पर विज्ञापन के द्वारा जिन लोगों के साथ संपर्क स्थापित किया गया है, स्वयंसेवक या देशीय दल अकसर उन लोगों के साथ संपर्क को आगे बढ़ाते हैं। नये लोगों के साथ बाँटने के लिए आपका दल मसीही मीडिया अपने साथ रख सकता है। यह डिजिटल बाइबल या प्रचार फिल्म को देने का एक सुरक्षित तरीका हो सकता है।

सुझाव: थोड़ा-बहुत प्रशिक्षण देने से देशीय सहभागी व स्वयं सेवक को लाभ होगा। उन्हें मीडिया की बात को सहजता से उठाने व इस्तेमाल करने, मीडिया को तुरंत से चलाने, और दिखाये गये मीडिया पर बातचीत छेड़ने का प्रशिक्षण दें।

बुनियादी रणनीतियाँ

प्रवेश: लोगों के साथ जुड़ना व बातचीत की शुरुआत करना

सुसमाचार प्रचार: सुसमाचार को आंशिक या संपूर्ण रुप में बाँटना।

शिष्यत्वः विश्वास में बढ़ने में विश्वासियों की मदद करना।

अगुवाई विकास: अगुवों, प्रचारकों, व कलीसिया रोपकों के प्रशिक्षण को सुदृढ़ बनाना।

कलीसियाः कलीसिया रोपण में सहायक होना तथा आराधना व बाइबल अध्ययन के लिए मीडिया का इस्तेमाल करना

प्रवेश – जान पहचान

प्रवेश का आशय लोगों के साथ जुड़ने से है। इसमें बातचीत को शुरु करने के लिए आपके द्वारा किये जानेवाले प्रयास भी शामिल हैं। वेबसाईट या अखबार के विज्ञापनों में पाठकों को आपसे संपर्क करने का न्यौता देने के द्वारा आप लोगों से एक विशाल पैमाने पर जुड़ सकते हैं। आप लोगों से व्यक्तिगत रुप से भी जुड़ सकते हैं [देखें: सुसमाचार प्रचारः मीडिया वितरण, पृ.19 व सुसमाचार प्रचारः व्यक्तिक संपर्क, पृ.20]।

आप जिन तक पहुँचना चाहते हैं, उनमें से कुछ लोगों पर मसीहियों से मिलने-जुलने की पाबंदी हो सकती है। लेकिन, क्योंकि लोग अखबार पढ़ते हैं, इंटरनेट पर जाते हैं, और रेडियो के कार्यक्रम सुनते हैं, इसलिए वे मसीहियों के साथ प्रत्यक्ष संपर्क बनाये बिना भी एक मसीही या आत्मिक संदेश देख/सुन सकते हैं। अधिक जानकारी की प्रार्थना करने के लिए टेक्स्ट संदेश या वाईस संदेश भेजने के लिए उनके पास मोबाईल हो सकता है। आमने-सामने की बातचीत संभव न होने की दशा में वे मोबाईल के माध्यम से बातचीत कर सकते हैं।

टेक्स्ट मेसेजिंग (जो एसएमएस के नाम से भी जानी जाती है)

रेडियो कार्यक्रम से जुड़े लगभग 70 प्रतिशत सवाल टेक्स्ट मेसेज के रुप में आते हैं, जो कि अकसर हर कार्यक्रम के बाद दो-तरफा बातचीत के रुप में होती है। लोगों में टेक्स्ट मेसेज भेजने की इच्छा भी है और क्षमता भी, क्योंकि यह बहुत सस्ता व आसान होता है। **नोट**: परिवार का कोई सदस्य फोन की पड़ताल करके उसमें मसीही मीडिया या टेक्स्ट संदेश देख सकता है। सरकार तथा तकनीकी रुप से सक्षम व्यक्ति भी आने-जाने वाले मेसेज संदेशों को पकड़ सकते हैं।

सुझाव: अपने ट्रैक्ट में एक फोन नम्बर दें, ताकि दर्शकों को टेक्स्ट सवाल भेजने का प्रोत्साहन मिले, या फिर एक मुफ्त उपहार (जैसे कि एक बाइबल या डीवीडी) प्राप्त करने के लिए अपना ईमेल देने को प्रोत्साहित करें। (देखें: **सामूहिक टेक्स्ट मेसेजिंग**, पृ. 32)

इन्टरनेट विडियो व संसाधन

आप इन्टरनेट के माध्यम से भी लोगों के साथ विडियो शेयर कर सकते हैं। YouTube.com विडियो शेयर करने का एक बेहतरीन विकल्प है। यदि सुरक्षा को लेकर कोई चिंता न हो, तो आप व्यक्ति की गवाही को रिकॉर्ड करके उसे यूट्यूब पर डाल सकते हैं। (**मेरा मीडिया** के पृ.26में गवाहियाँ देखें)। यूट्यूब के विडियो को मोबाइल पर भी देखा जा सकता है। विडियो दिखाने के लिए खुद अपनी वेबसाईट बनाना और फिर उन्हें मोबाईल पर चलने की क्षमता देना बहुत महंगा और जटिल हो सकाता है।

यदि प्रचार के लिए अपनी वेबसाईट होने पर भी, अपनी वेबसाईट की विडियो सामग्री को आप यूट्यूब पर जमा करके चला सकते हैं। यूट्यूब के अलावा Vimeo.com जैसे विकल्प भी हैं। विडियो चलानेवाली ऐसी स्थानीय साईटें भी होंगी जहाँ आपके स्थानीय समुदाय के लोग अकसर जाते होंगे, या जो सरकार द्वारा प्रतिबंधित नहीं होंगी। विडियो देखने के लिए यूज़र (प्रयोक्ता) को इंटरनेट कनेक्शन से जुड़ना होगा। बेहतर होगा कि आप उस विडियो का लिंक शेयर करें, ताकि व्यक्ति बाद में देख सके। इन्टरनेट पर अपने संसाधनों को स्टोर करने का मतलब है कि आप अपने माइक्रोएसडी मेमोरी कार्ड में मौजूद स्पेस द्वारा सीमित नहीं हैं, और फाइलों के अलग-अलग फॉर्मेटों (जैसे कि 3जीपी व एमपी4) के कारण होनेवाली चिंता से भी बच सकते हैं।

सुझावः

1) अपने मोबाईल पर एक या दो विडियो ज़रुर रखें, लेकिन व्यक्ति के साथ केवल लिंक शेयर करें, ताकि वह बाद में और विडियो देख सके। अपने लिए सामान्य परिचय कार्ड छपवायें जिन पर वेबसाईट लिंक तथा संपर्क के लिए आपका पता हो।

2) यूट्यूब पर विडियो के सबसे अधिक दर्शक हैं। लेकिन, Vimeo.com पर विडियो आसानी से डाउनलोड हो जाते हैं।

यदि विडियो को डाउनलोड करना आपका उद्देश्य है, तो Vimeo.com का इस्तेमाल करें।

3) विडियों खोज कर उसे अपलोड करें, और फिर उसके लिंक को अपने ट्रैक्ट या प्रचार की दूसरी सामग्रियों पर दें। सुनिश्चित करें कि आपके विडियों में अधिक जानकारी, या “अगले कदम” के लिए संपर्क का कोई विकल्प ज़रुर हो। उनके पास वेबसाईट पर जाकर बाइबल की कहानियाँ पढ़ने या सुनने का विकल्प होना चाहिए।

सुसमाचार प्रचार: मीडिया वितरण

'मोबाईल', मीडिया सामग्री को वितरित करने तथा अपनी भौतिक सीमाओं व दूरियों में सीमित लोगों तक पहुँचने का उत्कृष्ट साधन हैं। लेकिन, वितरण की किसी भी योजना में आर्थिक लागत अधिक व प्रत्यक्ष परिणाम कम हो सकते हैं। मीडिया के साथ अपनी वेबसाईट के लिंक अथवा सुरक्षित रुप से अपना पते को शामिल करने से दर्शक को प्रतिक्रिया करने तथा अधिक सीखने का अवसर मिलता है।

माइक्रो एसडी कार्ड

बहुत से फीचर फोन एवं स्मार्ट फोन में माइक्रोएसडी कार्ड (एक मेमोरी कार्ड) का इस्तेमाल होता है। माइक्रोएसडी कार्ड अब सामग्री को संग्रहित करने व उसके आदान-प्रदान का अन्तर्राष्ट्रीय मानक बन गये हैं। यह 2जीबी, 32जीबी जैसी स्टोरिंग क्षमता के साथ आता है। [सुझाव: अधिक मेमोरी वाले कार्ड हर तरह के मोबाईल पर नहीं लगाये जा सकते। 2जीबी वाले कार्ड का इस्तेमाल उन पुराने मोबाईल फोन पर होता है जिनमें इससे अधिक मेमोरीवाले कार्ड नहीं लग सकते हैं।] किसी को माइक्रो कार्ड पर मीडिया देने से सेलफोन की बैंडविथ पर आश्रित होने तथा डाउनलोडिंग के खर्चे से बचा जा सकता है। उन्हें ट्रैक्ट की तरह दिया जा सकता है या फिर मोबाईल फोन से लगा कर फाईलें भेजी जा सकती हैं।

अपने कम्पयूटर की सामग्री को एसडी कार्ड में संग्रहित करने के लिए आप थोक में माइक्रो एसडी कार्ड और एक यूएसबी कार्ड रीडर खरीद सकते हैं।

सुझावः

1) स्थानीय भाषा में बाइबल की कहानियों की तरह ऑडियों फाइलों के लिए एमपी3 फॉर्मेट सबसे बेहतरीन होता है।

2) उसी विडियो को 3जीपी व एमपी4 के फॉर्मेटों में भी शेयर करें, ताकि वह अधिकतर मोबाईलों पर चल सके।

ब्लूटूथ

ब्लूटूथ से लैस मोबाईल 10 मीटर/33 फुट तक के दायरे में स्थानीय रुप से भेजे गये संदेश पकड़ सकता है। आप किसी ऑडियो या विडियो फाईल को भीड़ में भेज सकते हैं, और कोई भी उसे अपने फोन में प्राप्त कर सकता है। ब्लूटूथ के माध्यम से आप उस व्यक्ति को भी सीधे फाईल भेज सकते हैं जिसके साथ आजकल बातचीत कर रहे हैं। आम तौर पर, विडियो फाईल के आकार को 10एमबी से अधिक नहीं रखना चाहिए। यदि संभव हो, तो आपको हर बार फाईल का आकार कम करके भेजने का प्रयास करना चाहिए। (देखें उपकरण व सुझावों के लिए मेरा मीडिया, पृ.26 पर देखें)



माइक्रो एसडी कार्ड प्राप्त करनेवाले लोग मुक्त रुप से अपने दोस्तों के साथ मीडिया शेयर कर सकते हैं। वितरण के गुणन का यह तरीका सहज सिद्ध हुआ है।

क्यूआर उद्धरण

एक "क्विक रिसपॉन्स (क्यूआर) कोड" एक वर्गाकार ग्राफिक है जिसे आपके पोस्टरों, ट्रैक्ट, आदि में जोड़ा जा सकता है। यह बारकोड की तरह काम करता है। यदि किसी के पास क्यूआर रीडर ऐप है, तो वे अपने स्मार्टफोन कैमरा के साथ उसे स्कैन कर सकते हैं, जो तब उन्हें सीधे वेबसाईट पर ले जायेगा। अपना क्यूआर कोड बनाने का सोफ्टवेयर माइक्रोसोफ्टटैग, कायवा (http://qrcode.kaywa.com) व अन्य कंपनियों के पास उपलब्ध है। बस "क्यूआर रचना अथवा क्रिएटिंग क्यूआर" के साथ इंटरनेट सर्च करें।

सुसमाचार प्रचार : व्यक्तिगत रूप से

सड़क ,बस ,या ट्रेन में किसी से मिलने पर आप उसके साथ मीडिया शेयर कर सकते हैं .बातचीत को अपने मीडिया के अनुसार ढालने या उस पर आधारित नयी बातचीत शुरू करने के तरीके सोंच के रखें .विडिओ क्लिप सुसमाचार के प्रचार की लोकप्रिय रीति हैं क्योंकि वे चलचित्र कहानी का प्रयोग करते हैं . विडियो क्लिप को "बातचीत की शुरुआत" के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है.

व्यक्तिगत तरीके पर विचार:

शुरुआत :सहज रूप से बातचीत शुरू करनेवाले मीडिया अपने पास रखें.

परिवर्तन :चर्चा को मीडिया से लेकर जीवन व आत्मिक विषयों तक ले जाने की युक्तिओं पर पहले विचार कर लें.

बातचीत : आत्मिक सत्यों पर बातचीत की शुरुआत करने में मीडिया का इस्तेमाल किया जा सकता है .उद्देश्य है चर्चा को आत्मिक विषयों पर ले जाना ,जिससे सुसमाचार को बाँटने का अवसर मिले.

अपनी बात समझाने के लिए आप विडियो क्लिप या किसी दूसरे मीडिया का इस्तेमाल कर सकते हैं .व्यक्ति से सवाल पूछना और विडियो क्लिप में दिखाई बात पर गहराई से सोंचने का समय देना बहुत ज़रूरी होता है . बाइबिल की कहानी सुनाना और अपनी आत्मिक यात्रा के साथ व्यक्तिगत संबंध बनाने की तरह आप एक विडियो क्लिप दिखा सकते हैं और अपने जीवन से जोड़ कर उसे दिखा सकते हैं.

व्यक्तिगत स्तर पर सुसमाचार का प्रचार करने की कोई तय रीती नहीं है .प्रक्रियाओं के कुछ उदाहरण नीचे दिए गए हैं.



अल्प कालीन दल

अल्प कालीन दलों के पास संस्कृति का अनुभव कम होता है और स्थानीय भाषा को बोलने की उनमे क्षमता नहीं होती. देसी मीडिया मोबाइल उपकरण स्वयंसेवकों को तत्काल ऐसी सामग्री दे सकते हैं जो स्पष्ट रीती से अपनी बात पंहुचा सके और स्थानीय संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में भली प्रकार जुड़ सके. सबसे बेहतरीन परिणाम आपको तभी मिलेंगे जब आप इस बात पर अच्छी तरह सोंच-विचार करेंगे कि अपनी पूरी योजना को बढ़ावा देने के लिए मोबाइल के इस्तेमाल में आप अपने दल को कैसे तैयार करते हैं.

अल्प कालीन दलों पर विचार:

1) **स्वयंसेवकों को अपने मोबाइल साथ लाने को प्रोत्साहित करें.** पता लगाएं कि उनके पास किस तरह के उपकरण हैं और वे उस पर कौन से मीडिया रखते हैं या प्रयोग करते हैं. उनके पहुँचने से पहले ही मीडिया तैयार रखें, या फिर उनके जाने से पहले उन्हें भेज दें.

2) **अपने मीडिया के साथ पहले इस्तेमाल हो चुके मोबाइल दें जो आपके सन्दर्भ में उपयुक्त हों.** पहले इस्तेमाल हो चुके/दान में मिले मोबाइल में आप अपने मीडिया पहले से दाल कर दे सकते हैं. कुछ प्रशिक्षण के बाद स्वयंसेवक समुदाय के साथ संपर्क बढाते समय मोबाइल अपने साथ ले जा सकते हैं.

3) **वे लोग जो अधिक जाननें के इच्छुक हैं व जिनके साथ बातचीत आगे बढानी है, उन्हें देने के लिए एक साधारण सा बिज़नस कार्ड ज़रूर बना लें.** संपर्क के लिए अपना पता आदि बताते समय सावधनी बरतें और सुरक्षित मोबाइल नंबर और वेब एड्रेस का इस्तेमाल करें.

4) अपने अल्पकालीन दल को मोबाइल के विभिन्न इस्तेमाल की रीतियों का प्रशिक्षण देने के लिए MobileMinistryForum.org के “Your Phone – God’s Glory” पाठ्यक्रम का इस्तेमाल करने पर विचार करें. (पीडीऍफ़ डाउनलोड करें)

पेरिस में एक दल द्वारा चर्च स्थापना में इस्तेमाल की गयी योजना

तैयारी: "मुसलमान द्वारा ईसाइयों से पूछे गए 5 प्रश्न।" नामक प्रस्तुतीकरण १० माइक्रो SD कार्ड पर कोपी करें

इन संसाधनों को भी साथ लें :

- स्थानीय भाषा में नए नियम पर आधारित फिल्म की 6 विडियो क्लिप (जैसे की जीसस फिल्म)
- मसीही नाटक का विडियो (जैसे की शान्ति का घर - ४५ मिनट का नाटक)
- मुस्लमान से मसीही होने वाले २ लोगों की गवाही (२-३ मिनट की अवधि की)
- महत्वपूर्ण मुद्दों व अक्सर पूछे जानेवाले सवालों पर कुछ और विडियो क्लिप्स.
- स्थानीय भाषा में यूहन्ना सुसमाचार जिसमे हर अध्याय के अंत में सरल प्रश्न हों व सम्बंधित मोबाइल नंबर पर उत्तर टेक्स्ट करने के निर्देश (उत्तर प्राप्त करने तथा उनको जवाब देने के लिए अलग से एक मोबाइल फ़ोन).

प्रशिक्षण: पहले दिन 4 घंटों के लिए माइक्रो एसडी कार्ड की सामग्री पर स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दें. फ़ोन के इस्तेमाल के अभ्यास का समय भी शामिल करें ताकि पता चल सके कि अपना काम उन्हें कैसे करना है.

अभ्यास: अंग्रेजी समझनेवाले स्थानीय भाषी मुस्लिमों से संपर्क करें, उनसे कहें की आपको "५ सबसे मुख्य सवाल जो हर मुस्लिम मसीहियों से पूछना चाहता है" पर एक असाइनमेंट करना है, और फिर उनसे पूछे की क्या उनके पास उन सवालों को पूछने का समय है. सभी पांच सवालों को करने में लगभग २ घंटे का समय लगेगा. समय कम होने पर कम सवाल पूछें. ऐसा करने का उद्देश्य सवालों का संतोषजनक व विश्वसनीय उत्तर देना, बाइबिल के प्रति मुस्लिमों को खुलें में मदद करना, सुसमाचार पर एक स्पष्ट प्रस्तुति शेयर करना, तथा आगे की बातचीत के लिए जिज्ञासुओं के पास यूहन्ना के सुसमाचार को छोड़ना हैं.

आगे क्या करना है :

अपने स्मार्टफोन से जिज्ञासु मुस्लिम की एक तस्वीर (यदि उनकी अनुमति हो, तो ही), उनका बिज़नस कार्ड, और ऐसा कोई चिन्ह मांग लें जिससे पता ढूँढने में आसानी हो सके.

रूचि रखनेवाले व्यक्ति से उनके फ़ोन से एक मिस्ड कॉल देने को कहें ताकि आपके पास उनका फ़ोन नंबर आ सके.

विदा लेने से पहले, ब्लूटूथ के द्वारा प्रश्नोत्तर के साथ यूहन्ना सुसमाचार दें. उन्हें अपने मोबाइल फोन से उत्तर भेजना सिखा दें.

शिष्यता

दूर शिक्षण प्रणाली या शिष्यता प्रक्रिया में मोबाइल फोन को शामिल करने के बहुत से तरीके हैं। संभव है कि आप जिनका मार्गदर्शन कर रहे हैं, वे लोग किसी दूसरे शहर या देश में रहते हैं। शिष्यत्व की प्रक्रिया में मोबाईल फोन को शामिल करने से प्रक्रिया अधिक सरल हो सकती है; यह दूरी की सीमाओं को घटा सकते हैं, और व्यक्तिगत संपर्क को बढ़ावा देते हैं।

टेक्स्ट मेसेजिंग

टेक्स्ट मेसेज भेजना आपके शिष्यत्व की प्रक्रिया को बढ़ावा देने का एक सुगम, सस्ता, और व्यक्तिगत तरीका है।

शेयर करनेवाली बातें:

1)प्रतिदिन का वचन
2)सेवकाई संबंधी मदद
3)सुसमाचार प्रचार से जुड़ी सलाह
4)वचन के साथ भक्ति व चिंतन के प्रश्न

नियमित रुप से टेक्स्ट मेसेज भेजने से आप व्यक्ति के साथ लगातार जुड़े रहेंगे। जिन लोगों को आप शिष्यत्व का प्रशिक्षण दे रहे हैं, यह उनके जीवन में नियमित रुप से योगदान देने का साधन प्रदान कर सकता है।
सुझाव: टेक्सटिंग करना सक्रिय रुप से बातचीत करना हो सकता है। ऐसे टेक्स्ट मेसेज भेजने पर विचार करें जिनमें प्राप्त करनेवाले को उत्तर भी देना हो, जैसे कि आत्मिक विषय पर किसी प्रश्न का उत्तर देना।
नोट: *मोबाईल फोन पर टेक्सट केवल साक्षर व्यक्तियों को ही भेजा जा सकता है। अनपढ़ लोगों के साथ सम्पर्क के लिए अलग रीतियों का प्रयोग किया जाना चाहिए।*
[देखे Voice *p. 33].*



शिष्यत्व संबंधित जानकारी को बांटें

मीडिया शेयर करना

फीचर फोन या स्मार्टफोन वाले लोगों को, आप शिष्यत्व की अपनी मनपसंद सामग्री या गैर-मसीहियों के साथ शेयर करनेवाली सामग्री से लैस एक माइक्रो एसडी कार्ड दे सकते हैं। रचनात्मक बनें। आप शिष्यत्व पर केंद्रित बाइबल की ऑडियो कहानियाँ दे सकते हैं, और फिर चिंतन से भरे आत्मिक प्रश्न टेक्स्ट कर सकते हैं। मोबाईल के लिए अपनी सामग्री या पूरक मीडिया सुनिश्चत करेगा कि वे हमेशा आपके संपर्क में रहे।
सुझाव: मौखिक संस्कृतियों के लिए ऑडियो व विडियो बिल्कुल सही रहेगा। संभव है कि आप बाइबल की ऑडियो कहानियों या यीशु के जीवन पर बनी किसी फिल्म के अंश जैसे मीडिया को अपने शिष्यत्व कार्यक्रम में शामिल करना चाहें।लोगों को मीडिया देखने या सुनने दें और तब उसके उत्तर देने दें।

पुराने इस्तेमाल हुए मोबाईल फोन व एमपी3 प्लेयर

तकनीकी में सुधार होने पर, बहुत से लोग अपना पुराना मोबाईल बेच कर नये मोबाईल फोन खरीदना चाहते हैं। आप इन मोबाईलों का जमा कर सकते हैं और उनमें अपनी सेवकाई की ज़रुरत की सामग्री डाल सकते हैं। साथ ही, मीडिया चलाने में सक्षम मोबाईल फोन एक सिमकार्ड (एक छोटा सा कार्ड जो फोन को मोबाईल नेटवर्क से जोड़ता है) के बिना एक मीडिया प्लेयर की तरह कार्य कर सकता है। इस तरह जब आपको नया ऑडियो या विडियो प्लेयर खरीदने की ज़रूरत हो तब यह “बिना लागत” आपको मिल जाता है।

नेतृत्व विकास

शिष्यत्व और मार्गदर्शन की तरह, आप नेतृत्व विकास कार्यक्रम में भी मोबाईल का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह मन जाता है कि मल्टीमीडिया, सीखने की प्रक्रिया और याद रखने को मज़बूत बनाता है। मोबाईल आपको महत्वपूर्ण सामग्री दूसरों तक पहुँचानें तथा संबंधित व्यक्तियों की भौगोलिक स्थिति से परे भी संबंध बनाये रखने में सक्षम बनाता है।



टेक्स्ट मेसेजिंग

संपर्क बनाये रखें और प्रशिक्षण पा रहे अगुवों के साथ अपने विचार बाँटें। कुछ ऐसी बातें शेयर करें:

1) वचन के प्रमुख पद
2) बुनियादी प्रशिक्षण की प्रमुख बातों पर ध्यान ले जानेवाली बातें
3) चर्च स्थापना के सुझाव
4) प्रोत्साहन बढ़ानेवाली बातें

सोच-विचार के साथ टेक्स्ट मेसेजिंग करने से आपके द्वारा प्रशिक्षण पानेवाले व्यक्तियों को यह अहसास होगा कि आप उनके साथ ही हैं और उनके सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय रुप से शामिल हैं।
सुझाव: अपने प्रशिक्षण सत्र में अपने प्रशिक्षार्थियों को टेक्सटिंग के बारे में बतायें व उन्हें नियमित रुप से टेक्स्ट भेजें। किसी ऐसे विषय पर मेसेज भेजें जिनसे कि उन्हें कोई मदद मिलती है, जैसे कि रिमाईन्डर सेवा, अथवा उस प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रमुख बातें।

शेयरिंग मीडिया

फीचर फोन या स्मार्टफोनवाले लोगों को, आप अगुवाई प्रशिक्षण से जुड़ी सामग्री माइक्रोएसडी कार्ड में डाल कर दे सकते हैं। यह प्रशिक्षार्थियों के लिए विस्तृत अध्ययन की अतिरिक्त सामग्री या दूसरों के प्रशिक्षण में इस्तेमाल की सामग्री बन सकता है। दूसरे मीडिया को ब्लूटूथ के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।ऐसे संसाधन के इस्तेमाल को लेकर प्रशिक्षार्थियों में अकसर उत्साह होता है।

सुझाव: यदि आप मौखिक प्रशिक्षण दे रहे हैं, तो आप प्रशिक्षण के संदेशों को बल देने या पुख्ता बनाने के लिए बाइबल की ऑडियो कहानियाँ, मसीही गीत-संगीत, या किसी दूसरी तरह के मौखिक मीडिया शेयर कर सकते हैं। साथ ही, मसीही संगीत, बाइबल की ऑडियो कहानियों से प्रशिक्षार्थी के चरित्र व निष्ठा को भी बल मिलता है।

प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण अर्थात् टी4टी (ट्रेनिंग फॉर ट्रेनर्स)

मोबाईल मीडिया के इस्तेमाल से प्रशिक्षण की टी4टी शैली को बल मिल सकता है। मोबाईल तथा मीडिया का इस्तेमाल करने के इच्छुक प्रशिक्षक बातचीत शुरु करने, सुसमाचार के प्रति खुली सोंच रखनेवालों के संपर्क में बने रहने,बाइबल शेयर करने में अपने विडियो भी बना सकते हैं, जिनसे आप प्रशिक्षार्थियों को महत्वपूर्ण सच्चाइयों की याद दिला सकते हैं, या अपने प्रशिक्षण को आगे बढ़ा सकते हैं।

सुझाव: कहानियों की ऑडियो फाइलों का इस्तेमाल करें। कहानियों के ऑडियो संस्करणों को सप्ताह भर बारंबार सुन कर प्रशिक्षार्थियों को उन्हें याद करने को कहें। इसके बाद, उनसे कहानी को सत्रों में सुनाने को कहें, जिसमें चर्चाओं के दौरान श्रोताओं को बांधे रखने के लिए पहेलीनुमा प्रश्न भी हों। प्रशिक्षार्थी जिनके साथ जुड़े हैं, उनके साथ वे इन फाइलों को शेयर कर सकते हैं।

टी4टी फार्मूला का उपयोग करना

टी4टी फार्मूला में बाइबल पर आधारित विडियो श्रंखलाओं (जैसे कि नये नियम पर बनी फिल्म के 50 हिस्से) का इस्तेमाल किया जा सकता है।

1)पहली मुलाकात: अपने दर्शन को बाँटें, विडियो अंशों का इस्तेमाल करना सिखायें, उसका अभ्यास करें, दूसरी मुलाकात का समय तय करें, और उनसे विदा लें।

2)दूसरी मुलाकात: प्रशिक्षकों से रिपोर्ट लें, विडियो के अगले अंश का परिचय दें, अभ्यास करें, और विदा लें।
इस चक्र को जारी रखें।

विडियों अंशों के इस्तेमाल तथा रिपार्टिंग के दौरान ही दल बना लें।

कलीसिया

पूरे इतिहास के दौरान, विश्व के बहुत से धार्मिक अगुवों ने आराधना में संगीत वाद्यों के इस्तेमाल का विरोध किया है। पाइप ऑर्गन के इस्तेमाल की शुरुआत, तथा आगे चलकर इलेक्ट्रॉनिक वाद्यों का इस्तेमाल पहले-पहल बहुत विवादास्पद रहा था। इसी तरह, मोबाईल फोन या मीडिया निदेशित कलीसिया सभाओं को भी अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएँ मिलेंगी। मोबाईल तथा उसमें निहित मीडिया भी नई कलीसियाओं के लिए, या आराधना व बाइबल अध्ययन की गहन सामग्री शेयर करने का उपयोगी साधन हो सकते हैं। प्रवेश, सुसमाचार-प्रचार, शिष्यत्व तथा अगुवाई विकास को होनेवाले लाभ से पूरी कलीसिया को लाभ होता है।

विश्वासियों को लैस करना

विश्व भर की कलीसियाओं के अधिकांश सदस्यों के पास मोबाईल फोन या किसी तरह का मोबाईल उपकरण होता ही है। जिसका अर्थ यह हुआ कि कलीसिया के अधिकांश सदस्य भी मसीही मीडिया का इस्तेमाल व उसे शेयर कर सकते हैं। हालांकि सभी लोग तकनीकी को सुगमता से इस्तेमाल नहीं करते होंगे, लेकिन कुछ लोग ज़रुर ही सुसमाचार को बाँटने में मीडिया के इस्तेमाल को शामिल
करेंगे। कुछ लोगों को मोबाईल की मदद से आत्मिक बातचीत की शुरुआत करना आसान लगेगा। कुछ अन्य लोग अपने दोस्तों व परिवार के साथ मीडिया शेयरिंग के द्वारा अधिक संख्या में लोगों को प्रभावित करेंगे।

सुझाव: कलीसिया के अगुवों को एक सीडी/डीवीडी/माइक्रोएसडी कार्ड में बहुत सी सामग्री (जैसे कि विडियो, ऑडियो कहानियाँ, संगीत, व इलेक्ट्रॉनिक बाइबल आदि) डाल कर दें। उन्हें छोटे से एक गीत, ऑडियो बाइबल कहानी या वीडियो साझा करने के द्वारा शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। ब्लूटूथ के इस्तेमाल से वे लागत तथा सीडी जैसी भौतिक सामग्री देने के झंझट से बच सकते हैं।

प्रासंगिक गृह कलीसिया

ऐसे बहुत से विडियो उपलब्ध हैं जिनमें कलीसिया के नमूने दिखाये गये हैं। आपकी भाषा व परिस्थिति की प्रासंगिकता से मेल खानेवाला विडियो एक प्रभावशाली उपकरण हो सकता है। गैर-विश्वासियों को कलीसिया के सत्य को दिखाने के लिए इसका इस्तेमाल सुसमाचार प्रचार के उपकरण की तरह किया जा सकता है। नये विश्वासियों को कलीसिया की सभा दिखाने व उसके बारे में सिखाने के लिए इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। गृह कलीसिया व सुसमाचार प्रचार प्रासंगिक विडियो प्राप्त करने का एक स्रोत है
Indigitube.tv (http://www.indigitube.tv).



कलीसिया के सदस्यों को संगीत, रिंग टोन्स, छोटे विडियो, आदि, शेयर करना अकसर आसान लगता है, जिससे परिवारों व समुदायों में पहुँच को विस्तार मिलता है।

नई कलीसियाओं का मार्गदशर्न

ऐसे देशों में जहाँ गैर-मसीही आबादी अधिक है, नये विश्वासियों को मसीही सभाओं की कोई समझ या पिछला अनुभव नहीं होगा। आपका व्यक्तिगत प्रशिक्षण व शिक्षण बहुत बहुमूल्य है, लेकिन संभव है कि आप विशिष्ट मीडिया के इस्तेमाल को भी शामिल करना चाहें। वास्तव में आप एक नई आउटरीच दल या कलीसिया की यह समझने में मदद करेंगे कि एक कलीसिया सभा के दौरान किस तरह की चीज़ें की जानी चाहिए। शुरुआत में आप संगीत, ऑडियो बाइबल कहानियाँ, ऑडियो वचन-पाठन, आदि दे सकते हैं। इससे आराधना में मदद मिलेगी, तथा बाइबल की कहानियों व पद्यांशों को बाँटनें व उस पर चर्चा को निदेशित करने में मदद मिलेगी।

उदाहरण के लिए, ऑडियो फाइलों को जोड़ कर कलीसिया सभा निदेशन की एक अकेली एमपी3 ऑडियो बनाने के लिए आप मुफ्त सोफ्टवेयरों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

इसमें आप ये सामग्री डाल सकते हैं:

1. देसी भाषा में आराधना गीत/संगीत
2. ऑडियो बाइबल कहानी
3. कहानी या वचन पर सामूहिक चर्चा के लिए ऑडियो सवाल

आराधना में स्थानीय संगीत तथा अन्य तत्वों में समूह की मातृ भाषा का इस्तेमाल करना बहुत ज़रुरी होता है। इससे मीडिया के बाहरीपन का अहसास कम होगा। इससे उन्हें अपनी कलीसिया सभाओं में सुगमता के साथ जाने में मदद मिलेगी।

वचन को सिखाने के लिए आप बपतिस्मे, प्रभु भोज आदि विषयों पर एक ऑडियो सेट् बना सकते हैं। कलीसिया की असल सभाओं के परे भी, इन सेटों का इस्तेमाल कलीसिया के सदस्यों के प्रशिक्षण उपकरण की तरह किया जा सकता है।

नई कलीसिया या समूह के लिए एक प्रीसेट ऑडियो संदर्शिका का आशय एक दीर्घकालीन समाधान होना नहीं है। यह तो नये समूह का मार्गदर्शन बस तब तक करेगी, जब तक कि वह कलीसिया सभाओं में सहजता से रम नहीं जाता।

मोबाईल उपकरण, या स्पीकर भी समुदाय द्वारा इस्तेमाल करने तथा बाँटने के लिए तकनीकी अथा आर्थिक रुप से अनुकूल होना चाहिए।

ऑडियो फाइलों को एक साथ जोड़ना

सही सोफ्टवेयर के साथ आप बहुत आसानी से ऑडियो फाइलें जोड़ सकते हैं।Freemake.com जैसा प्रोग्राम, ड्रैग-एंड-ड्राप (लाओ और छोड़ो) शैली की बहुत ही आसान एडिटिंग हैं। विशिष्ट सवालों को जोड़ने के लिए आप एक सरल सा वौइस् रिकॉर्डर या अपने कम्पयूटर का माइक्रोफोन का इस्तेमाल कर सकते हैं। बहुत सी ऑडियो फाइलों को एक सूची में डाला जा सकता है। इसके बाद, इन फाइलों को जोड़ कर, उसे एक एमपी3 फाइल में बदला जा सकता है। बाकि अगले खंड में.....

4 मेरा मीडिया

क्या आपके पास ऐसी ऑडियो या विडियो फाइलें हैं जिनका फॉर्मेट आप अपने मोबाईल के अनुसार संपादित या बदलना चाहते हैं? क्या आपको किसी नये विश्वासी की गवाही को रिर्कार्ड करना है?

आपको कम्पयूटर या मीडिया का अच्छा ज्ञान न होने पर भी अपनी मोबाईल रणनीतियों के लिए आप अपने मीडिया तैयार कर सकते हैं और उसे बना सकते हैं। यदि आपके पास अपना मीडिया बनाने का समय है तो आप अपनी सेवकाई की रणनीतियों तथा स्थितियो में इसके इस्तेमाल के अधिक विकल्प होंगे।

मीडिया कनवर्जन व उपकरण

अपने कम्पयूटर का इस्तेमाल करके मीडिया के फॉर्मेट को बदलने व संपादित करने का कार्य बहुत चुनौती भरा लग सकता है। एक विडियो को एडिट करने (अर्थात् विडियो क्लिप के कुछ हिस्सों को काटने व जोड़ने) में अधिक समय व विशेष सोफ्टवेयर की ज़रुरत होती है। लेकिन सही सोफ्टवेयर होने पर विडियो फाईल के फॉर्मेट को बदलने (जैसे कि एवीआई को एमपीईजी-4 में बदलना आदि), या डीवीडी से मोबाईल में चल सकनेवाले विडियो में बदलने का कार्य बहुत सरल होता है।

मौजूद मीडिया को ''मोबाईल अनुकूल'' बनाने की प्रक्रिया:

1) सुनिश्चित करें कि आपके पास सही सोफ्टवेयर है। आपकी सारी ज़रुरतें के वल एक ही प्रोग्राम द्वारा भी पूरी की जा सकती हैं। लेकिन, संभव है कि आपको किसी विशिष्ट प्रोग्राम की ज़रुरत हो:
   a) एक ऐसा सोफ्टवेयर जो सीडी/वीसीडी/डीवीडी से विडियो ले और कम्पयूटर पर चलाने के लिए उसे एक अकेली फाईल में बदल दे।
   b) एक ऐसा प्रोग्राम जो एक विडियो फाईल के फॉर्मेट (जैसे कि एवीआई या एमओवी) को किसी दूसरे फॉर्मेट (जैसे कि 3जीपी या एमपीईजी 4) में बदल दे।
2) इंटरनेट से विडियो/ऑडियो डाउनलोड करे या एक सीडी/डीवीडी/वीसीडी से फाईल ले
3) विडियो को एक ऐसे डिजिटल फॉर्मेट में बदलें जो मोबाईल मीडिया प्लेयरों पर चलाई जा सकती हों (जैसे कि एमपी4/एमपीईजी-4)।

विचार

1. पहचान करें कि आपका लक्षित समुदाय में सबसे अधिक किस तरह के मोबाईल फोन का इस्तेमाल होता है।
2. थोड़ा ही काफी है। आपको विडियो तथा मीडिया के बहुत बड़े संग्रह की कोई ज़रुरत नहीं है।
   सबसे बहेतरीन व ज़रुरी मीडिया पर ही विचार करें। इसके बाद उस पर अपनी कोशिशें लगायें।
3. कम अवधिवाले विडियो का अधिक प्रभाव हो सकता है। अपने विडियो को एक से पाँच मिनट की अवधि के हिस्सों में बाँटने पर विचार करें।
4. संपर्क करने के मीडिया पर अपना पता या इंटरनेट लिंक देकर, अपने दर्शकों के साथ ''अगले चरण'' पर विचार करें। (केवल उतनी जानकारी दें जिससे आपके और आपके सहभागियों की रक्षा-सुरक्षा को कोई खतरा न हो।) अपनी जानकारी में कुछ जोड़ने के लिए आपको अधिक उन्नत सोफ्टवेयर की ज़रुरत हो सकती है।



वि डियो



विडियो के फॉर्मेट को बदलने के उपकरण:

फोन के लिए Any Video Converter- Free Edition पर उपलब्ध एक मुफ्त सोफ्टवेयर। एन्ड्रायड, सैमसंग, आईफोन आदि में पहले ही से फॉर्मेट बदलने के प्रोग्राम होते हैं, और इनमें बिल्कुल सही सेटिंग होती है। आप इनमें से कुछेक डाउनलोड करके देख सकते हैं कि आपके लिए सबसे अनुकूल कौन सा है।

एमपीईजी स्ट्रीमक्लिप भी फॉर्मेट को बदलने का एक अच्छा प्रोग्राम है, जो कि इस्तेमाल में बहुत आसान भी है। मैक और विन्डोज़, दोनो के लिए उपलब्ध है:http://www.squared5.com.
हैन्डब्रेक बिल्कुल मुफ्त है, अलग-अलग तरह के उपकरणों में काम करता है और उच्च स्तर के परिणाम देता है। http://handbrake.fr
Freemake.com पर फोन के लिए विडियो या ऑडियो फाईल के फॉर्मेट को बदलने का मुफ्त विन्डोज़ सोफ्टवेयर है।

विडियो फॉर्मेट:

3जीपी सबसे अधिक इस्तेमाल होनेवाला फॉर्मेट है। यह पुराने फीचर फोन पर चलता है, लेकिन आधुनिक फोन एमपी4 चलाते हैं। 3जीपी की फाईल का आकार छोटा होता है, इसलिए इसे आसानी से ब्लूटूथ द्वारा दिया जा सकता है। **नोट:** आवाज़ और पिक्चर की गुणवत्ता एमपी4 की बेहतर होती है।

एमपीईजी-4 या एमपी4 शेयर करने के लिए एक अच्छा फॉर्मेट है। इसे सामान्यतया ऑनलाइन विडियो के लिए इस्तेमाल किया जाता है और छोटे फॉर्मेट में से एक है और इसीलिए मोबाईल विडियो पर अच्छा कार्य करता है। विडियो चलानेवाले बहुत से मोबाइल एम्पि४ का प्रयोग करते हैं **नोट:** 3जीपी से अधिक बड़े आकार का होने के कारण, ब्लूटूथ द्वारा अंतरण के लिए अनुकूल नहीं है।

कौन सा फॉर्मेट?

मीडिया शेयरिंग चुनौती भरा हो सकता है क्योंकि मोबाइल इतने प्रकार के हैं और उनकी ज़रूरतें भी तरह-तरह की हैं। स्थानीय भाषा में बाइबिल की कहानिओ के लिए सबसे बेहतरीन ऑडियो फॉर्मेट हैं MP3।

लेकिन, विडियो इससे अधिक जटिल है। **विडियो फॉर्मेट का कोई ऐसा फॉर्मेट नहीं है जो सभी इस्तेमाल करते हों।** अधिक सफलता के लिए कुछ लोग एक ही विडियो फाइल को तीन अलग फॉर्मेट में रखते हैं।
शीर्ष के विडियो फॉर्मेट:

एमपीईजी-4, या एमपी-4

3GP *(more universal)*

विडियो के सबसे बेहतरीन तकनीकी निर्देश:

फॉर्मेट	विडियो सेटिंग		ऑडियो सेटिंग	
3जीपी	*कोडेक:*	एच.263	*फॉर्मेट:*	एमआर-एनबी
				1 चैनल
	विडियो का	128x96 or 176x144 *(स्क्रीन के 2‘ या बड़े होने पर अधिक बड़ा आकार)*	*नमूना दर:*	8,000
			बिटरेट:	12.200
	बिटरेट:	160 और 384 केबी / स के बीच	*डेसिबल्स:*	+3
	फ्रेम रेट:	12 व 23.976 प्रति सैकण्ड के बीच		
एमपीईजी-4 या एमपी-4	*कोडेक:*	एच.264	*फॉर्मेट:*	एएसी
	विडियो का	480x320 पिक्सल्स *(यदि 4ग3के अनुपात में) या 480ग270 (यदि 16ग9 के अनुपात में)*		1 चैनल
			नमूना दर:	22,050
	आकार:	256 व 384 केबी के बीच	*बिटरेट:*	64 केबी/स
	बिटरेट: फ्रेम रेट:	12 व 23.976 प्रति सैकण्ड के बीच		

**यदि नियंत्रण संभव हो तो: हैडर को फाईल की शुरुआत में रखें।*

गवाहियों की रिकॉर्डिंग

विडियो रिकॉर्डिंग से जुड़े सुझावः

1)विडियो की आदर्श अवधि 3 मिनट तक होनी चाहिए। इसकी अधिकतम 5 मिनट से कतई अधिक न हो।

2)इस बात का ध्यान रखें कि आवाज़ बिलकुल साफ हो।

a) गवाही देनेवाले से कहें कि वो अपनी गवाही ऐसे दें मानो वह किसी भीड़-भाड़ वाली सड़क पर है। कोई फुसफुसाहट या धीमी आवाज़ नहीं।

b) पृष्ठभूमि से आनेवाली आवाज़ों से कोई दिक्कत नहीं है; इससे गवाही अधिक विश्वसनीय लगती है। बस इतना ध्यान रखें कि गवाही पूरी तरह साफ सुनाई दे।

c) यदि संभव हो, तो कि कैमरा ऑडियो रिकॉर्डिंग "लाउड" अर्थात् उच्चतम स्तर पर हो।

3)गवाही के तीन हिस्से होते हैं:

a) मसीह से पहले का जीवन

b) मसीह से मेरा परिचय कैसे हुआ

c) मसीह से मिलने के बाद से मेरा जीवन कैसा है (ऐसा न कहें कि "जीवन बहुत बढ़िया है; कोई चिंता नहीं है; पैसा ही पैसा है,....." बजाय इसके यह बतायें कि आपकी मुसीबत के समय यीशु ने आपकी कैसे मदद की)।

सुरक्षा संबंधी चिंताएँ: जब आपको गवाही देनेवाले व्यक्ति की पहचान छिपानी हो, तो आप कैमरे का कोण कांधों के ऊपर रख सकते हैं, हाथों की शूटिंग कर सकते हैं, पीछे के प्रकाश पर केंद्रित कर सकते हैं।

शूटिंग संबंधी सुझाव:

अधिक रोचक विजुअल के लिए "तीसरे का नियम" का विचार करें: पात्र के नाक की रेखा (यदि वह कैमरे में देख रहा है) बाएँ से दायें की ओर फ्रेम के एक-तिहाई पर पड़नेवाली रेखा के साथ-साथ होनी चाहिए, और आँखें ऊपर से एक-तिहाई नीचे की ओर होनी चाहिए।

चेहरे को प्रमुखता से दिखाने के लिए कांधों के बस नीचे से सिर के ऊपर की तरफ शूट करना चाहिए। तीसरे-का-नियम में मदद के लिए कई कैमरों में ग्रिडलाईनों का विकल्प होता है।

सुरक्षा

एक व्यक्ति की गवाही की रिकॉर्डिंग बदले हुए जीवन का बहुत ही प्रभावशाली उदाहरण हो सकता है।

ध्यान में रखें कि:

1)उस व्यक्ति की गवाही के इस्तेमाल तथा वितरण के लिए आपको उसकी अनुमति लेनी होगी।

2)यह तय करने के लिए गवाही देनेवाले व्यक्ति या दूसरों से परामर्श करें कि चेहरा दिखाने से कहीं उस व्यक्ति की सुरक्षा को कोई खतरा तो नहीं होगा।

3)यदि सुरक्षा को लेकर कोई चिंताएँ हैं, तो उनकी पहचान को छिपाने या केवल ऑडियो रिकॉर्डिंग का इस्तेमाल करने पर विचार करें।

ObscuraCam

विडियों में दिखाई देनेवाले व्यक्ति की पहचान छिपाने का एक तरीका गारजिअन प्रोजेक्ट के ObscuraCam ऐप का इस्तेमाल करना है।
guardianproject.info

एक अच्छी शुरुआत

पात्र के बोलने से 2 - 5 सैकण्ड पहले से रिकॉर्ड करना शुरु करें, और व्यक्ति द्वारा बात समाप्त किये जाने के 2 - 5 सैकण्ड बाद ही रिकॉर्डिंग बंद करें।



रिकॉर्डिंग से जुड़े सुझाव:

1)अंतिम ऑडियो केवल 2 से 5 मिनट की अवधि का होना चाहिए।

2)ऑडियो फाइल फॉर्मेट: अच्छी गुणवत्ता के लिए रिकॉर्ड करके एमपी3 में बदलें। अपने रिकॉर्डर को 44k 24bit WAV पर निश्चित कर लें।
3)माईक तकनीक
a)यदि आप ऐसे फोन का इस्तेमाल कर रहे हैं जिसमें पहले से माईक लगा है, तो उसे पात्र के सामने किसी जगह पर लगा दें - हाथ में न पकड़ें।
b)अपने वातावरण का ध्यान रखें और उसे उपयुक्त बना लें।

1.पंखे व एयरकंडिशनर बंद कर दें। हवा की आवाज़, मशीन की घरघराहट आदि की आवाज़ सुनें, और संभव हो तो उनसे छुटकारा पा लें।
2.जगमगानेवाली लाईटें: भिनभिनाहट

3.कमरे का आकार व निर्माणः दीवारों/फर्शों/छतों से आनेवाला "केव साउन्ड।"
c)बेहतर आवाज़ के लिए अकेले में रिकॉर्ड करें

1.विशेषकर पहले से लग कर आये माईक के साथ रिकॉर्डिंग करते समय, एक छोटी सी जगह तैयार कर लें।
2.प्रतिध्वनि को सोकने में मदद के लिए मुलायम सतहों का इस्तेमाल करें। ऐसा करने के लिए आप कमरे या रिकॉर्डिंग करने की जगह में जगह-जगह कंबल या तौलिये लटका दें।



यह बहुत महत्वपूर्ण है कि जांचा जाए कि ध्वनि का गुणवत्ता स्पष्ट है और किसी दुसरे आवाजों से प्रभावित नहीं है

माइक्रोफोन

1.हवा की आवाज़ से निबटने के लिए माइक्रोफोन के आसपास किसी प्रकार का स्क्रीन लगाने पर हमेशा विचार करें। इससे पंखों तथा हवा आदि की आवाज़ से निबटने में मदद मिलेगी।

2.संभव हो, तो रिकॉर्डर को हाथ में न पकड़ें। रिकॉर्डर को पकड़ने से होनेवाली आवाज़ कोई ऐसी चीज़ नहीं है जिसे बाद में ऑडियो रिकॉर्डिंग से निकाला जा सके।

3.अकसर बाहरी माईक अधिक कारगर होते हैं।

4.साक्षात्कार के लिए लैपल माईक सबसे अच्छे रहते हैं। ये पात्र के मुँह के पास लगे होते हैं, इसलिए यह बिल्कुल साफ व स्पष्ट आवाज़ देते हैं और शोर को कम करते हैं।

5.मोबाईल फोन उच्चतम गुणवत्ता का ऑडियो रिकॉर्ड कर सकते हैं। एक ऐसा ऐप ज़रुर डाउनलोड कर लें जो आपको ऑडियो सेटिंग तय करने देता है। यदि आप स्मार्टफोन पर एक बाहरी माइक्रोफोन का इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो आपको संभवतः एक TTRRS अडेप्टर या फिर मोबाईल के लिए Rode SmartLav+. जैसे एक विशिष्ट माईक की ज़रुरत होगी।

रिंगटोन्स

रिंगटोन्स संबंधी सुझाव

1)ऐसे संगीत का चुनाव करें जिसका इस्तेमाल करने का आपको अधिकार व स्वतंत्रता है। अथवा, एक ऐसे विडियो के संगीत का चुनाव करें जिसे एडिट करने के अधिकार हमारे पास नहीं हैं।
2)संगीत की सोर्स फाईलें AAC, M4A, MP3, WAV, WMA, हो सकती हैं।

3)ऑडियो एडिटर (जैसे कि ऑडेसिटी, audacity.sourceforge.net) या रिंगटोन बनानेवाले सोफ्टवेयर का इस्तेमाल करें। (मुफ्त या कम लागत वाले सोफ्टवेयर के लिए आप नेट पर जा सकते हैं।)
सोफ्टवेयर के लिए निर्देशों से आपको पता चलेगा कि इन्हें कैसे करना है:
ऑडियो को जो हिस्सा आप चाहते हैं उसे अलग करना, और ज़रुरत होने पर आवाज़ के स्तर को बढ़ाना।

एमपी3 (अधिकांश फोन) या एम4आर (आईफोन) के लिए ऑडियो एक्सपोर्ट करना।

पुराने मोबाईल फोन के लिए ऑडियो

यदि आप ऑडियो बाइबल कहानियों जैसी ऑडियो फाईलें किसी ऐसे व्यक्ति के साथ शेयर करना चाहते हैं जिनके मोबाईल में एमपी3 नहीं चलता है, तो आप फाईल को एक रिंगटोन (फोन की घंटी) में बदलना चाहेंगे।sound made by a phone to signal an incoming call).उदाहरण के लिए **PCfreetime.com**, एमपी3 को एएमआर में बदल देता है, जो असल में एक रिंगटोन फॉर्मेट है।

मदद

अपने मीडिया को व्यवस्थित करना

मोबाईल में मीडिया के संग्रह के बढ़ने के साथ-साथ, फाईलों की व्यवस्था से उन्हें इस्तेमाल तथा शेयर करने की योग्यता प्रभावित होगी। आपको विस्तार से सोचना होगा कि अपने कम्पयूटर पर आप अपनी सामग्री को कैसे व्यवस्थित करते हैं, और अलग से इस बात पर विचार करना होगा कि अपने मोबाईल उपकरण या माइक्रोएसडी कार्ड का ढाँचा आप कैसे बनाते हैं।

अपने कम्पयूटर पर मास्टर संग्रह

फाईलों को व्यवस्थित करने के बहुत से विकल्प हैं। इनमें कुछ इस प्रकार हैं:

मीडिया का प्रकार - विडियो, ऑडियो, बाइबल, रिंगटोन्स, आदि जैसे अलग-अलग फोल्डर बनायें।

रणनीति (उद्देश्य) - सुसमाचार प्रचार, शिष्यत्व आदि फोल्डर बना लें।

भाषा - बंगाली, पंजाबी, हिन्दी जैसे फोल्डर बना लें।

यदि आपके सभी मीडिया एक ही भाषा में हैं, तो आपको अपना संग्रह रणनीति के आधार पर व्यवस्थित करने से लाभ होगा।

यदि आपको कई भाषाओं के साथ कार्य करना है, तो हम आपको सुझाव देंगे कि आप अपनी फाईलें पहले भाषा और फिर रणनीति के आधार पर व्यवस्थित करें: हिन्दी - प्रवेश/सुसमाचार प्रचार (सुसमाचार प्रस्तुति), बंगाली - शिष्यत्व (छोटा या बड़ा), आदि।

Estante ऐप

अन्द्रोइड इस्तेमाल करनेवाले लोग Estante App इसे ~~आपकी सेवकाई की~~ मीडिया फाइलों को व्यवस्थित करने, देखने और शेयर करने में मदद करने के लिए बनाया गया है।

उदाहरण फोल्डर का नामः जैसे कि हिन्दी भाषा

उपफोल्डर: **प्रवेश व बातचीत शुरु करनेवाले** (जैसे कि देसी मसीही संगीत के विडियो या गीत,
विचारों को उत्तेजित करनेवाले अथवा रोचक विडियो क्लिप)।

उपफोल्डर: **सुसमाचार का प्रचार** (गवाही के विडियो, उत्पत्ति से लेकर कलीसिया के विडियो/ऑडियो, सुसमाचार के विडियो)।

उपफोल्डर: **शिष्यत्व** (अल्प कालीनः बुनियादी या कहानियाँ; दीर्घ कालीनः बाइबल, स्वोर्ड पद्धति, यूनिकोड बाइबल (संपूर्ण बाइबल))

उपफोल्डर: **अगुवाई विकास** (विडियो प्रशिक्षण biblical distinctives]

उपफोल्डर: **Church Formation** आराधना गीत, सवाल सहित कहानियाँ। नोट: गीत, कहानियाँ और सवाल को एक ही सीडी में डाल कर नई कलीसिया के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।)

नाम तय करने से जुड़े सुझाव

जो फाइलें आप लोगों को देनेवाले हैं, उनके नाम प्राप्तकर्ता की भाषा में रखें। इससे फाईल का बाहरीपन कम होगा और वह प्रचार की सामग्री नहीं लगेगी।

मोबाईल उपकरण, माइक्रोएसडी कार्ड्स व शेयर करनेवाले मीडिया

किसी व्यक्ति को अपने पास मौजूद सारे या कोई भी मीडिया देना सही लग सकता है लेकिन अपनी पहली भेंट में किसी गैरमसीही को मसीही शिक्षा देने के समान, आपको सही समय पर, सही मीडिया, एक सही व्यक्ति को ही देना चाहिए।

नए लोगों से मिलते समय प्रवेश तथा सुसमाचार प्रचार मीडिया का एक साथ इस्तेमाल करें। एक माइक्रोएसडी कार्ड में, जो कि सुसमाचार में रुचि रखनेवाले व्यक्ति के लिए एक ट्रैक्ट प्राप्त करने के समान हो सकता है।

शिष्यत्व की सामग्री में प्रवेश तथा सुसमाचार प्रचार के मीडिया को भी शामिल करें। विश्वास की गहरी समझ बनाने में मदद करनेवाली सामग्री के अलावा भी, शिष्यों द्वारा इस्तेमाल तथा शेयर करने के लिए मीडिया शामिल करें।

सारे मीडिया एक साथ पकड़ाने की बजाय सीमित संख्या में प्रभावशाली मीडिया दें। चुन कर दें। बहुत सारी सामग्री देने से व्यक्ति हड़बड़ा सकता है, या महत्वपूर्ण मीडिया उपेक्षित रह सकता है।

सुझाव: सुसमाचार प्रचार से जुड़े 10 से अधिक मीडिया अपने पास न रखें। सीमित सामग्री होने से आपको यह जानने में मदद मिलेगी कि आपके पास कौन सा मीडिया, कहाँ पर, किस नाम से है, और इसका इस्तेमाल कैसे करना है।

गवाही का एक साधारण सा विडियो अपने समुदाय व संस्कृति के लोगों तक बहुत प्रभावशाली रीति से सत्य पहुँचा सकता है और सीमाएँ पार कर सकता है।

सामूहिक टेक्स्ट मेसेजिंग

टेक्स्ट मेसेज भेजने व प्राप्त करने के बहुत से विकल्प व ढेरों रणनीतियाँ हैं। इन मेसेजों अर्थात् संदेशों को प्राप्त करने तथा व्यवस्थित करने की बहुत सी प्रणालियाँ उपलब्ध हैं। कुछ प्रणालियाँ आपको अपना संदेश एक साथ, एक समूह को भेजने की सुविधा देंगी। उदाहरण के लिए, संभव है कि आपको सुसमाचार में रुचि रखनेवाले बहुत से लोगों ने अपना मोबाईल नम्बर दिया हो। यदि आप सारे समूह को एक ही मेसेज देना चाहते हैं, तो आप SMS सोफ्टवेयर प्रणाली का इस्तेमाल करते हुए उस संदेश को एकसाथ सभी लोगों को भेज सकते हैं।

फ्रंटलाईन SMS

(http://www.frontlinesms.com)

FrontlineSMS अपने स्वंय के संचार केंद्र की रचना करने का एक मुफ्त का सोफ्टवेयर है। अपने मोबाईल फोन को यूएसबी के माध्यम से इस सोफ्टवेयर के साथ कम्पयूटर से जोड़ने पर आपको टेक्स्ट भेजने/प्राप्त करने के बहुत से प्रभावशाली विकल्प मिलेंगे। इस प्रोग्राम से आप लोगों के समूहों को मेसेज भेज सकते हैं। आप लोगों के कांटेक्ट समूह (जैसे कि भाषा, रुचि का स्तर, शिष्यत्व से जुड़ी ज़रुरतों पर आधारित समूह) बना सकते हैं। आप स्वतः उत्तर भेजने की योग्यता के साथ एक जानकारी सेवा बना सकते हैं। यह प्रणाली किसी भी जीएसएम मोबाईल नेटवर्क पर कार्य करता है और इसका इस्तेमाल करने के लिए इंटरनेट की ज़रुरत नहीं होती। आप बहुत सरलता के साथ जानकारी एकत्रित व शेयर कर सकते हैं।

शोर्ट कोड

आप टेक्सटिंग पर आधारित संचार के लिए फोन नम्बर आसानी से याद होनेवाले नम्बर पब्लिश कर सकते हैं। शोर्ट कोड्स बहुत कम अंकोंवाले फोन नम्बर होते हैं। इनमें से कुछ नम्बर डायल करने के लिए होते हैं और कुछ केवल टेक्सटिंग के लिए। एक नमूना मेसेजः फार्म पर ताज़ा खबरों के लिए 72404 पर FARM टेक्स्ट करें। शोर्ट कोड के विकल्प तथा प्रक्रिया हर देश के लिए अलग-अलग है। शोर्ट कोडों को स्थानीय टेलिकॉम कम्पनियों अथवा Clickatell (http://www.clickatell.com/) जैसी अन्तर्राष्ट्रीय सेवा जैसे सेवा प्रदाता की ज़रुरत होती है।

लोगों के समूहों के साथ एक बड़ी संख्या में मेसेज भेजना व प्राप्त करें



वौइस्

यह कहने की ज़रुरत नहीं है कि सभी मोबाईल फोनों से वौइस् कॉल्स अर्थात् फोन पर बातचीत की जा सकती है। इस सुविधा का लाभ उठाने का एक तरीका यह भी है कि आप किस एक नम्बर को केवल वौइस्मेल पर जाने के लिए तय कर दें और फिर उस पर आप अपने नये वौइस्मेल मेसेज रिकॉर्ड करें। वौइस्मेल मेसेज में आप व्यक्ति को अपना नाम बताते हैं और उसे

अपना संदेश छोड़ने का आग्रह करते हैं। लेकिन यहाँ पर आप अपना कोई वचन, कहानी आदि रिकॉर्ड करना चाहेंगे जिससे फोन करनेवाले व्यक्ति की सेवकाई होगी। ट्रैक्ट, विडियो, वेबसाईट आदि पर अपना फोन नम्बर छोड़ कर आप लोगों के बीच यह प्रचार कर सकते हैं कि जीवन में प्रोत्साहन आदि पाने के लिए लोग इस नम्बर पर फोन कर सकते हैं। नियमित रुप से नये-नये संदेश रिकॉर्ड करना सुनिश्चित करें ताकि फोन करनेवाले आपको दोबारा फोन करते रहें। फोन करनेवाले लोग अपना नाम, पता व फोन नम्बर छोड़ सकते हैं और आपको फीडबैक दे सकते हैं, और तब आप उनके पास व्यक्तिगत रुप से संपर्क कर सकते हैं।

दूसरा तरीका है की आप अपनी रणनीति में एक अधिक शक्तिशाली वौइस् व ऑडियो संचार प्रणाली का समेकन करें। कुछ फ्री सॉफ्टवेयर पर आधारित होते हैं जिन्हे आप मोबाइल फ़ोन या मोबाइल फ़ोन कॉल के लिए अलग से लगाए किसी स्पेशल मॉडेम सेट उप से जुड़े कंप्यूटर में इनस्टॉल करते हैं। आप एक फ़ोन नंबर पब्लिश या शेयर कर सकते हैं। इंटरैक्टिव वौइस् प्रणाली में कितने भी लोग फ़ोन कर सकते हैं जो फ़ोन करनेवालों को जानकारी सुनने तथा प्रतिक्रिया करने का अवसर देती है।

फोन करनेवाले लोग अपने अनुभव, विचार, संपर्क का ब्यौरा या अपनी ज़रुरतें शेयर कर सकते हैं। यह पद्धति उन लोगों के लिए बिल्कुल सही है जिन्हें पढ़ना नहीं आता, या जो पढ़ना नहीं चाहते हैं।

शुरुआत करने के लिए मुझे क्या चाहिए होगा?

1.वौइस् प्रणाली सोफ्टवेयर (जैसे कि FreedomFone)

2.एक अलग से कम्पयूटर
कुछ सोफ्टवेयरों के लिए अलग से कम्पयूटर चाहिए होता है। आम तौर पर आपको 2जीबी रैम, 2गीगा हेर्त्ज़ डुअल-कोर प्रोसेसर, 80जीबी हार्ड-ड्राईव के साथ एक बुनियादी कम्पयूटर चाहिए।

3.जीएसम उपकरण
इन उपकरणों में एक सिम कार्ड होता है (जो फोन को सेल फोन सेवा के लिए सक्षम बनाता है।) सामान्यतया आप एक अतिरिक्त मोबाईल फोन का इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन, इसकी जगह आप मोबीगेटर प्रो (एक आधुनिक तरह का उपकरण जो फोन को कम्पयूटर से जोड़ने पर फोन करने या आए फोन को उठाने की योग्यता देता है) जैसे एक विशेष प्रकार के मोबाईल का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

4.चालू सिम कार्ड
आपको सिम कार्ड (फोन को मोबाईल नेटवर्क से जोड़नेवाला एक छोटा सा मेमोरी कार्ड) चाहिए होगा जिसे फोन तथा मेसेज को भेज या प्राप्त करने के लिए चालू किया जा चुका है। आपको फोन की जितनी लाईनें चाहिए, उतने आपको सिम कार्ड भी चाहिए होंगे।

5.माइक्रोफोन

6.ऑडियो रिकॉर्डर

FreedomFone

(http://www.freedomfone.org)

FreedomFone ऑडियो सामग्री शेयर करने तथा कॉल करनेवाले के साथ संचार मदद करता है. यह प्रणाली इंटरैक्टिव वौइस् रेस्पोंस (IVR) का प्रयोग करता है. इसका अर्थ है की ऑडियो सामग्री बहु वौइस् मेनू के माध्यम से शेयर की जाती है जिसे कॉल करनेवाला अपने फ़ोन के कीपैड का इस्तेमाल करते हुए आगे-पीछे करता है (जैसे कि, भाषा के चुनाव के लिए 1 दबाएँ, तमिल गीत को सुनने के लिए 2 दबाये, सन्देश छोड़ने के लिए 3 दबाएँ). सामग्री के बहुत से विकल्प हैं, जैसे कम अवधिवाली नयी सामग्री, स्वास्थ्य सेवा सम्बन्धी जानकारी, गीत, या मजेदार प्र श्नोत्तारियां. यह प्रणाली टेक्स्ट मेसेज व वॉयसमेल को भी समेकित करती है

मौखिक बातचीत को पसंद करनेवाले लोगों को एक वौइस् प्रणाली से लाभ हो सकता है जो उन्हें संदेश, वचन या आत्मिक सवाल को सुनने तथा वाॅईसमेल में अपना उत्तर छोड़ने की सुविधा देगा।

मोबाइल वेब

अधिक उन्नत तकनीकी का इस्तेमाल करनेवाले लोग , या वे जो मौज़ूदा प्रचार वेबवाईट का संचालन कर रहे हैं, संभव है कि वे अपनी साईटों को अधिक मोबाईल अनुकूल बनाना चाहें, और अपनी रणनीति में मोबाईल को शामिल करना चाहें।.

यदि आपके श्रोताओं के पास नियमित रुप से इन्टरनेट कनेक्शन न हो, या कि मोबाईल इन्टरनेट उन्हें बहुत महँगा पड़ता हो, तो ऐसे में आपको ऐसी रणनीति का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए जिसमें वेबसाईट पर जाना पड़ता है। लेकिन, विश्व के बहुत से क्षेत्रों में मोबाईल इन्टरनेट का प्रयोग एक सच होता जा रहा है। आपके श्रोता चाहे मोबाईल में वेबसाईट पर जाएं या कम्पयूटर पर, मीडिया सामग्री को प्रस्तुत करने, अधिक डाउनलोड प्रदान करने, अतिरिक्त जानकारी शेयर करने तथा बातचीत शुरु करने की यह बहुत ही शक्तिशाली जगह है।



आॅनलाईन जाकर विडियो देखने को संभव बनाने के अलावा, आप मसीही गीत, रिंगटोन, वॉलपेपर जैसी मोबाईल-अनुकूल सामग्री का प्रस्ताव दे सकते हैं या उससे लिंक कर सकते हैं। संभावनाएं अनन्त हैं।

आपकी वेबसाईट

संभव है कि आपके पास पहले से अपनी एक वेबसाईट है, या अपने समुदाय के लिए एक वेबसाईट बनाने की योजना बना रहे हैं। इस बात को सुनिश्चित करना बहुत ज़रुरी है कि साईट मोबाईल-अनुकूल है।

मोबाईल अनुकूल वेबसाईट किसे कहते हैं?

1.साईट स्वतः जान लेती है कि मोबाईल उपकरण का इस्तेमाल किया जा रहा है।

2.साईट पर आगे-पीछे जाने के महत्वपूर्ण टैब साफ तौर पर दिखाई देने चाहिए और सरलता से इस्तेमाल किये जाने योग्य होने चाहिए। आपसे संपर्क करने के लिए वेब पेज के नीचे तल में दिये फ़ुटर पर मौज़ूद छोटा सा लिंक छिपा हो सकता है, या मोबाईल स्क्रीन पर वह पहुँच से बाहर हो।
अलग-अलग आकार की स्क्रीनों के लिए पेज स्केल पर टेक्स्ट।

3.बहुत से पेजों पर जाने या उन पर आगे-पीछे/उपर-नीचे होने की कम ज़रुरत पड़ती है।

4.आकार में छोटी छवियों का इस्तेमाल, लेकिन अधिक बड़े संस्करणों के साथ लिंक स्थापित होता है ताकि अधिक जानने के लिए मोबाईल इस्तेमाल करनेवाले लोग उसे बड़ा करके देख सकें।

5.साईट पर कुछ तकनीकी प्रक्रियाओं के द्वारा पता चल जाता है कि दर्शक मोबाईल का इस्तेमाल कर रहा है, और तब मोबाईल यूज़र को मोबाईल-अनुकूल प्रस्तुति से जोड़ दिया जाता है। अपनी साईट पर यह सुविधा डालने के लिए तकनीकी मदद लें।

सुझाव: अपनी साईट की जाँच अवश्य करें। अपने मोबाईल पर अपनी साईट खोल कर देखें। साथ ही, एक या दो व्यक्तियों से भी उनके अपने मोबाईल पर आपकी साईट खोल कर देखने को कहें। इस बात को पक्का कर लें कि वे अलग-अलग कार्यप्रणालियों की जाँच अवश्य करें तथा यूज़र अनुकूलता पर अपनी टिप्पणियाँ दें। यदि संभव हो तो यह जाँच अलग-अलग तरह के मोबाईल फोनों पर करें। (different OS, screen size, etc.)

मौज़ूद वेबसाईटें

विडियों की अधिकांश साईटें (जैसे कि यूट्यूब) मोबाईल अनुकूल फॉर्मेट में हैं। यदि आप वहाँ पर विडियो अपलोड करें, तो कोई भी मोबाईल उपकरण उसे चला सकता है। आपकी मनपसंद मसीही साईट भी मोबाईल अनुकूल हो सकती है। आप इन्टरनेट पर सर्च कर सकते हैं या अपने दल के सदस्यों से ऐसी साईट ढूँढने को कह सकते हैं जो आपकी रणनीति के लिए सही है और आपके लक्षित समुदाय के बिल्कुल अनुकूल है।

लोकल एरिया मीडिया वितरण

सही उपकरण के साथ वाई-फाई हॉटस्पॉट क्षेत्र या ब्लूटूथ प्रसारण क्षेत्र बनाना संभव होता है। उपकरण के अनुसार प्रसारण का दायरा 30 फुट से 300 फुट तक की दूरी तक पहुँच सकता है। अपने कम्पयूटर, मोबाईल फोन, व टैबलेट आदि के माध्यम से आप उस दायरे के भीतर किसी को भी अपना मसीही मीडिया दे सकते हैं।

जब तक उनके उपकरण प्रसारित संदेशों को प्राप्त करने के लिए तैयार हैं, तब तक वे आपके संदेशों को देख सकते हैं और उसे डाउनलोड या ग्रहण करने या न करने का चुनाव कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, किसी ने यह संदेश प्रसारित किया कि "क्या आप सत्य जानना चाहते हैं?" यदि व्यक्ति को उसमें रुचि होगी तो वह संबंधित वेबसाईट पर जाने या डाउनलोड करने के लिए उस लिंक पर क्लिक करेगा। दूसरा उदाहरण किसी मुफ्त विडियो क्लिप, गीत और रिंगटोन को प्राप्त करने की उपलब्धता को प्रसारित करने का है। बेहतर होगा यदि कुल डाउनलोड 8एमबी से 10एमबी के बीच रहे। यदि व्यक्ति आपका मेसेज ग्रहण कर लेता है, तो वह आपके मीडिया को अपने उपकरण पर डाउनलोड कर लेगा। वे आपके द्वारा मीडिया में दिये वेबसाईट के पते पर जा सकते हैं, इसके लिए वे अड्रेस नोट करके, बाद में किसी इंटरनेट केफे का इस्तेमाल कर सकते हैं।

इस तकनीक का इस्तेमाल अपनी पहचान दिये बिना भी किया जा सकता है। कुछ उपकरण मोबाईल हैं, ताकि प्रसारण के समय उन्हें अपने बस्ते वगैरह में रखा जा सकता है। इसके लिए सबसे बेहतर वह जगह है जहाँ लोगों की संख्या बहुत अधिक हो तथा जहाँ बहुत से उपकरण इस्तेमाल में हों। लेकिन, प्रसारण की लागत इसमें बाधा बन सकती है। आपको अपनी स्थानीय स्थिति, रणनीति और बजट के अनुसार निर्णय लेना होगा।



अधिक जानकारी या उपकरण खोजें

मीडिया कम्पनियों, कॉफ़ी की दुकानों आदि में ब्लूटूथ प्रोक्सिमिटी प्रसारण बहुत लोकप्रिय है। इन कुंजी शब्दों के साथ आप इन्टरनेट पर सर्च करके अधिक जानकारी तथा उपकरण को खरीदने के विकल्पों का पता लगा सकते हैं।अधिक जानकारी तथा प्रसारण संबंधी विभिन्न ज़रुरतों के लिए दो मसीही स्रोत हैं:

रिन्यू आउटरीच:
www.renewoutreach.com

बाइबल बॉक्स:
www.biblebox.org

सहायक लिंक्स

मोबाईल मिनिस्ट्री फोरम: सेवकाइयों को जोड़ने तथा सशक्त करनेवाला मुख्य नेटवर्क जो परमेश्वर की महिमा के लिए मोबाईल क्रांति को बल दे रहा है - http://www.MobileMinistryForum.org

मोबाईल सेवकाई ट्विटर आरकाईव: ऑडियो अपडेट करनेवाला, #mobmin mobile ministry hashtag वाले ट्वीट्स का संपूर्ण आरकाईव । मोबाईल सेवकाई में शामिल लोगों द्वारा बनाई, खोजी और शेयर की जानेवाली सामग्री को पाने का सबसे तेज़ तरीका। http://mobmin.herokuapp.com

मोबाईल अडवांस: गैर विश्वासियों के बीच मोबाईल सेवकाई पर केंद्रित ब्लॉग। इसमें अच्छी सामग्री के लिंक पेजों तथा निर्देश शामिल हैं- http://www.MobileAdvance.org

रिन्यू आउटरीच - मोबाईल सेवकाई: इसमें मोबाईल सेवकाइयों तथा मोबाईल सेवकाई को करने के निर्देश शामिल हैं।http://www.RenewOutreach.com/mobile-ministry

कलीसिया मैग-मोबाईल: ‘‘1 कलीसिया तकनीकी की सामग्री रचनामत्मकता’’ http://churchm.ag/mobile

साइबरमिशन/मोबाईल सेवकाई पाठ्यक्रम के लिए मोबाईल सेवकाई फोरम का परिचयः एक पाँच सप्ताह, 15 घंटों का पाठ्यक्रम जो मोबाईल सेवकाई पर गहरा अध्ययन, संगी विद्यार्थियों के साथ आपसी संवाद तथा मोबाईल सेवकाई विशेषज्ञों का सीधा फीडबैक देता है। हर तिमाही होता है।http://www.MobileMinistryForum.org/mobile-ministry-course

मोबाईल सेवकाई मैगज़ीनः मोबाईल सेवकाई को खोजना, परखना, जुड़ना, व विचोमन करना। इसमें केस स्टडी पर बहुत बढ़िया पेज, मोबाईल बाइबल लिंक्स आदि शामिल हैं। - http://www.mobileministrymagazine.com

Visual Story Network - Mobile Media Group - visualstorynetwork.ning.com

Internet Evangelism Day Mobile Section - internetevangelismday.com

सुसमाचार प्रचार संबंधी मीडिया संसाधन व ऐप्स

Indigitube.tv - गृह कलीसिया को प्रासंगिक बनाना तथा सुसमाचार प्रचार के विडियो जैसे विषयों पर बहुत से मुफ्त विडियो।
- www.indigitube.tv

e3 Partners - iOS के लिए evangecube - e3resources.org

Phone Publish - मोबाइल उपकरणों हेतु अपना ट्रैक्ट, अपनी शिष्यत्व की सामग्री आदि पब्लिश करें - phonepublish.org

C2C (क्रिएशन तो क्राइस्ट) कहानी एप्प - http://c2cstory.com

ग्लोबल रिकॉर्डिंग्स नेटवर्क द्वारव 5Fish app - http://globalrecordings.net/en/5fish

जीसस फिल्म मीडिया अप्प - http://app.jesusfilmmedia.org

कोलो वल्ड ऐप - मौखिक तथा साक्षर, दोनो लोगों को अपनी मातृ भाषा में खोजने तथा उपलब्ध ऑडियो बाईबल, यीशु फिल्म, तथा संबंधित दस्तावेज़ों को देखने व सुनने का अवसर देता है। अध्ययन तथा आउटरीच के लिए प्लेलिस्ट बनाई जा सकती है। http://www.kologroup.org/59-2

डिजिटल बाइबल तथा मौखिकता डाउनलोड

बाइबल डाउनलोड ऐसा संपूर्ण बाइबल, संपूर्ण नया नियम, या कोई पुस्तक अथवा वचन का अंश है जिसे अंग्रेजी व गैर-अंग्रेजी भाषा में डाउनलोड किया जा सकता है।

बाइबल प्रसारण: "Bible TransMission का उद्देश्य लोगों को ऑनलाइन जाकर अपनी भाषा में सुसमाचार सुनने अथवा मुफ्त में उसे डाउनलोड करने में सक्षम बनाना है।" http://bibletransmission.com

अरबिक बाइबिल आउटरीच (किताब अल मुक़द्दस/वैनडाइक अनुवाद) - http://www.arabicbible.com/bible/ vandyke.htm

Bible.is: http://www.bible.is - फेथ कम्स बाय फेथ की एक सेवकाई: 800 से अधिक भाषाओं में ऑडियो बाइबल अथवा/तथा लिखित सामग्री।

डिजिटल बाइबल सोसाईटी (के पास मीडिया से लैस माइक्रोएसडी कार्ड है) - http://www.dbsbible.org

GoBible - http://gobible.jolon.org

मौखिकता रणनीतियाँ - मौखिक सामग्री का ख़ज़ाना- http://www.oralitystrategies.com/

ST4T.org -मौखिकता के संसाधनों व ऑडियो रिकॉर्डिंग का बहुत बढ़िया संग्रह है

ट्रांसलेशन स्टूडियो मोबाईल पर बाइबल संबंधी सामग्री का अनुवाद करने के लिए (जल्द ही रिकॉर्डिंग भी शामिल होनेवाली है।)
http://distantshores. org/translationStudio

translationKeyboard जटिल लेखन प्रणालियों वाली विशिष्ट भाषाओं के लिए यूज़र-कनफिगरेबल प्रारुपों में ऑनस्क्रीन कीबोर्ड पर कस्टम को सक्षम बनाता है। - http://distantshores.org/translationKeyboard

**पर अतिरिक्त बाइबल लिंक्स पाये जा सकते हैं। MobileAdvance.org*

ऑफ़लाईन मीडिया वितरण

बाइबल बॉक्स - biblebox.org

AirStash - ऑफ़ द शेल्फ वाईफाई हब - http://www.airstash.com

लूमिन - आपकी सामग्री को मोबाईल अनुकूल फॉर्मेट में बदलता है, जो किसी भी आधुनिक मोबाइल वेब ब्राउज़र पर बिना इन्टरनेट कनेक्शन के चल सकता है।- http://maf.org/lumin

Estante - एक एंड्राइड डिजिटल लाइब्रेरी शेयरिंग ऐप जो फाइलों को दूसरे मोबाईल पर भेज सकता है।- http://maf.org/estante

LightStream - http://www.renewoutreach.com/lightstream

एसएमएस ऐप्लीकेशन के प्रदाता (विशेष रुप से गैर-अंग्रेजी में)

American Bible Society - स्पेनी तथा अंग्रेज़ी में वचन- journeys.americanbible.org

Frontline SMS - संपूर्ण रणनीति में एसएमएस का इस्तेमाल - frontlinesms.com

TextToChrist, दैनिक भक्तिtexttochrist.com

WakingWord, दैनिक प्रेरणादायी वचन - wakingword.com

स्रोत:

इस पुस्तिका की विषयवस्तु विभिन्न साक्षात्कारों, चर्चाओं, और शोधों व साथ ही इन्टरनेट पर उपलब्ध सामग्री पर आधारित है। इसके अतिरिक्त विकास एवं पुनरावलोकन विभिन्न प्रकार के मोबाईल अगुवों तथा इसे इस्तेमाल करनेवालों से मिली सामग्री से हुआ है।

प्राथमिक विकास सहभागी: मोबाईल सेवकाई फोरम

विषयवस्तु, रणनीतियाँ तथा तकनीकी

गेटिंग स्टार्टड इन मोबाईल मिनिस्ट्री। विजुअल स्टोरी नेटवर्क http://www.visualstorynetwork.org/ page/creative-resources-and

टाइप्स ऑफ़ मोबाइल फोंस. जेम्स जॉनसन, ईहाउ अंशदाता http://www.ehow.com/facts_4914968_ types-mobile-phones.html#ixzz1Q46BIraA

Mobile Phone Video Formats. विडियो उत्पादन सुझाव http://videoproductiontips.com/mobile-phone- video-formats

मोबाईल मिनिस्ट्री फोरम - http://www.MobileMinistryForum.org

विजुअल स्टोरी नेटवर्क- मोबाईल मीडिया ग्रुप - http://visualstorynetwork.ning.com/group/mobile

मोबाईल अडवांस - http://www.mobileadvance.org

मोबाईल मिनिस्ट्री मैगज़ीन - http://www.mobileministrymagazine.com

इन्टरनेट इवैंजलिज़म डे मोबाईल सेक्शन - http://www.internetevangelismday.com/mobile

imb connecting

इंटरनेशनल मिशन बोर्ड (www.imb.org) की *मोबाइल सेवकाई का सरलीकरण को*

creative commons

एक Creative Commons **Attribution-NonCommercial-ShareAlike 3.0 Unported के अंतर्गत लाइसेंस प्राप्त है**

लाइसेंस इस लाइसेंस की प्रति देखने के लिए पर जाएँ http://creativecommons.org/licenses/by-nc-sa/3.0/ या फिर हमें इस पते पर लिखें - क्रिएटिव कॉमन्स, ४४४ कास्त्रो स्ट्रीट, सुइट 900, माउंटेन देखें, कैलिफ़ोर्निया, 94041, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका